दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 75
कोटद्वार रविवार
9 जुलाई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## आयुर्वेद विवि के वित्त नियंत्रक अमित जैन सस्पेंड

**देहरादून** । आयुर्वेद विवि के वित्त नियंत्रक अमित जैन को सस्पेंड कर दिया गाय है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर वित्त विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए है। आयुर्वेद विश्वविद्यालय के मुख्य वित्त अधिकारी अमित जैन से सभी पदभार हटा दिए गए थे।

अमित जैन को कोषागार निदेशालय में संबद्ध किया गया था। उनके खिलाफ लंबे समय से विवि में चल रही अनियमितताओं की जांच प्रभावित करने की शिकायत मिली थी। विश्वविद्यालय में वित्तीय अनियमितताओं की विजिलेंस जांच चल रही है। उन पर आरोप थे कि विवि में मुख्य वित्त अधिकारी पद पर रहते हुए जांच को प्रभावित कर सकते हैं। उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ ने भी अपर मुख्य सचिव वित्त को 23 जून को लिखित शिकायत देकर तबादला करने की मांग की थी। जैन के पास नगर निगम देहरादून में वरिष्ठ वित्त अधिकारी का अतिरिक्त पदभार था। इससे पहले 10 जनवरी 2023 को शासन ने जैन को तबादला वरिष्ठ कोषाधिकारी रुद्रप्रयाग के पद किया था। इसके बावजूद जैन विवि में मुख्य वित्त अधिकारी पद से कार्यमुक्त नहीं किए गए। अब सरकार ने जैन से सभी पदभार हटा कर कोषागार निदेशालय में संबद्ध किया है।

# बीआरएस हो या कांग्रेस, दोनों ही तेलंगाना के लिए घातक : पीएम

**वारंगल, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज तेलंगाना के वारंगल के दौरे पर हैं। उन्होंने सुबह तेलंगाना के वारंगल पहुंचने के बाद भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने राज्य के लिए लगभग 6,100 करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इसके बाद पीएम ने सभा में मौजूद जनता को संबोधित किया। पीएम ने कहा कि आज जब भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बना है, तो उसमें तेलंगाना के लोगों की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा, ''आज जब पूरी दुनिया भारत में निवेश के लिए आ रही है, विकसित भारत को लेकर इतना उत्साह है, तब तेलंगाना के सामने अवसर ही अवसर हैं।'' मोदी ने कहा कि आज हर प्रकार से बुनियादी अवसंरचना के लिए पहले से कई गुना तेजी से काम हो रहा है।



मोदी ने कहा कि आज हर प्रकार से बुनियादी अवसंरचना के लिए पहले से कई गुना तेजी से काम हो रहा है और पूरे देश में राजमार्गों के साथ ही आर्थिक व औद्योगिक गलियारों का जाल बिछाया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''आज का नया भारत, युवा भारत है और वह ऊर्जा से भरा हुआ है। 21वीं सदी के इस तीसरे दशक में हमारे पास ये स्वर्णिम समय आया है। हमें इस समय के हर सेकेंड का पूरा इस्तेमाल करना है। देश का कोई भी कोना, तेज विकास की किसी भी संभावना से पीछे नहीं रहना चाहिए।''

इससे पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी ने देश में बुनियादी ढांचे के विकास को सवोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में अब तक 1.10 लाख करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाएं या तो पूरी हो चुकी हैं या निर्माणाधीन हैं या शुरू हो चुकी हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''मुझे विश्वास है कि 2024 के अंत तक तेलंगाना में दो लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं होंगी।''

प्रधानमंत्री ने जिन परियोजनाओं की आधारशीला रखी, उनमें लगभग 5,550 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित की जाने वाली 176 किलोमीटर लंबी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं प्रमुख हैं। इन परियोजनाओं में नागपुर-विजयवाड़ा कॉरिडोर का 108 किलोमीटर लंबा मंचेरियल-वारंगल खंड में शामिल है। इस खंड से मंचेरियल और वारंगल के बीच की दूरी में लगभग 34 किलोमीटर की कमी आएगी, जिससे यात्रा अवधि घट जाएगी और एनएच-44 तथा एनएच-65 पर यातायात की आवाजाही और बेहतर होगी।

इस साल चुनावी राज्य तेलंगाना की पीएम मोदी की यह तीसरी यात्रा है। इससे पहले उन्होंने जनवरी-अप्रैल में भी तेलंगाना का दौरा किया था। प्रधानमंत्री ने इस दौरे में तेलंगाना में 500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित होने वाली रेलवे वैगन विनिर्माण इकाई, काजीपेट की आधारशिला रखी। इस बीच पीएम मोदी की वारंगल में होने वाली जनसभा को लेकर तेलंगाना पुलिस ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। वारंगल के पुलिस आयुक्त एवी रंगनाथ ने कहा, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 3500 से अधिक पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं।

## बारिश से गिरी मकान की छत, दंपति घायल, आसपास के इलाके में मची अफरा-तफरी

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में बारिश के कारण मकान की छत गिरने से अंदर सो रहे पति-पत्नी घायल हो गए। आसपास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने दोनों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। जबकि क्षेत्र में ही एक और मकान की छत गिर गई।



ज्वालापुर स्थित मोहल्ला घोसियान में सिकंदर अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनका मकान पुराने समय का बना हुआ है। पिछले कई दिन से हो रही बारिश के कारण शनिवार की सुबह अचानक मकान की छत गिर गई जिससे अंदर सो रहे सिकंदर और उनकी पत्नी बानो छत गिरने से घायल हो गए।

तेज आवाज के साथ छत का मलबा गिरने से घर में सो रहे अन्य सदस्य भी जाग गए। शोर शराबा होने से आस-पड़ोस के लोग भी जाग गए। दोनों को बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहीं कैथवाड़ा मोहल्ले में भी एक मकान की छत गिरी है।

## कावड़ यात्रा के लिए पूरी तरह तैयार उत्तराखंड : धामी

हरिद्वार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को ओम पुल, निकट डामकोठी, हरिद्वार स्थित गंगा घाट में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए विभिन्न प्रदेशों से देवभूमि उत्तर-ाखण्ड आये शिवभक्त कावड़ियों के चरण धोकर एवं उन्हें सम्मान स्वरूप गंगाजल भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने डामकोठी में पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ कावड़ यात्रा का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य



में चौतरफा सड़कों का जाल बिछ रहा है। सरकार आस्था एवं विकास से सनातन संस्कृति के संरक्षण का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा सभी कांवड़ श्रद्धालु गंगा जल लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। उन्होंने कहा इस वर्ष भी बड़ी संख्या में कांवड़ियों के उत्तराखंड आने का अनुमान है। जिसके लिए शासन-प्रशासन पूरी तरह तैयार है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देश के विभिन्न राज्यों से उत्तराखंड आए कावड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि हरिद्वार पूरे देश की श्रद्धा का केंद्र है। इस पवित्र जगह माँ गंगा एवं भगवन भोलेनाथ का विशेष आशीर्वाद है।

## पश्चिम बंगाल की 73,887 सीटों पर मतदान समाप्त, चुनावी हिंसा में 14 लोगों ने गंवाई जान

**बंगाल , एजेंसी।** बंगाल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए व्यापक हिंसा के बीच शनिवार सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ।

ग्राम पंचायत, जिला परिषद व पंचायत समिति की करीब 64,000 सीटों के लिए मतदान शुरू होते ही विभिन्न जिलों से हिंसा और बूथ लूटने जैसी खबरें लगातार सामने आ रही है। कहीं बैलेट बॉक्स को तालाब में फेंक दिया गया तो कहीं मतपेटियों में आग लगा दी गई। विपक्षी दलों का आरोप है कि राज्य सरकार ने केंद्रीय बलों को हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में तेनात नहीं किया।

कलकत्ता हाई कोर्ट के निर्देश पर चुनाव के लिए 822 कंपनी केंद्रीय बलों की तैनाती के बावजूद मतदान शुरू होने से पहले बीती रात से लेकर अब तक हिंसा में 14 लोगों की मौत की खबर है, जबकि दर्जनों लोग बम- गोली से जख्मी हुए हैं।

मुर्शिदाबाद व कूचबिहार जिला, जो पिछले पंचायत चुनावों के दौरान हमेशा हिंसा का केंद्र रहा है, मतदान के पहले व इसके शुरू होने के कुछ मिनटों के भीतर ही वहां फिर से बड़े पैमाने पर हिंसा देखी गई।

IHMS KOTDWAR
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
ISO 9001-2015 Certified
Institute of Hospitality, Management & Sciences
Admissions Open 2023
"Journey Towards Excellence"
AVAILABLE PROGRAMMES
M.B.A. 2 Years
FIRST AICTE APPROVED COLLEGE IN REGION
B.H.M. 4 Years
B.Sc. IT 3 Years
B.B.A. 3 Years
B.C.A. 3 Years
C.H.M. 1 Year
• Attractive Scholarships
• Industrial Tour
• Value Added Courses @ 0% cost
• Internship in Leading Companies
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# सीएम धामी ने किया अपणि सरकार नागरिक सेवाएं आपके द्वार योजना का फ्लैग ऑफ




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में ह्यअपणि सरकारह्न नागरिक सेवाएं आपके द्वार योजना का फ्लैग ऑफ किया। देहरादून के नागरिकों को एक फोन कॉल पर अपणि सरकार पोर्टल की नागरिक सेवाएं उनके द्वार पर उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिकों को उनके घर पर जाकर जन सेवा केन्द्र के माध्यम से सेवाएं उपलब्ध कराये जाने की शुरूआत की गई है, यह सेवा जल्द ही राज्य के अन्य स्थानों पर भी शुरू की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है की नागरिक सेवाओं का लाभ आम जन को उनके घर पर ही मिल जाए। अभी तक 575 सेवाएं ऑनलाइन रूप से अपणि सरकार पोर्टल पर उपलब्ध करायी जा रही हैं। वर्तमान में पायलट रूप में यह सेवा देहरादून शहर के 100 वार्डों में नजदीकी सी.एस.सी केंद्र के संचालकों द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी। सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज व विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत आई.टी.डी.ए ने ह्लडोर स्टेप डिलीवरीह्न हेतु सी.एस.सी–एस.पी.वी को यह जिम्मेदारी सौंपी है। देहरादून शहर के सी.एस.सी संचालकों को पुलिस वेरिफिकेशन के उपरांत पहचान–पत्र जारी किए गए हैं। इस सेवा का लाभ उठाने के लिए नागरिक 18009110007 टोल फ्री नंबर पर फोन कर सकते हैं। नागरिकों की सुविधानुसार घर पर ही आवेदन लिया जाएगा तथा संबंधित प्रमाण पत्र / अभिलेख घर पर ही उपलब्ध कराया जाएगा। सचिव शैलेश बगौली ने बताया कि इस सेवा की तीन माह की समीक्षा उपरांत पूरे प्रदेश में इस सेवा को उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य है। भविष्य में दूर दराज क्षेत्रों में निवास करने वाले वरिष्ठ नागरिकों को इस सेवा से विशेष लाभ होगा। आई.टी.डी.ए. निदेशक नितिका खण्डेलवाल ने जानकारी दी कि सी.एस.सी. द्वारा केंद्र व राज्य की सरकारी सेवाओं के अलावा व्यावसायिक सेवाएँ जैसे बीमा, शिक्षण, बैंकिंग, पेंशन, डिजी पे, टेली–हेल्थ, टेली–लॉ भी नागरिकों को ग्राम स्तर तक उपलब्ध करायी जा रही हैं।

## रोडवेज ने चलाई परीक्षार्थियों के लिए अतिरिक्त बसें

देहरादून। रविवार को होने वाली स्नातक स्तरीय परीक्षा को लेकर रोडवेज बसों में परीक्षार्थियों की भीड़ रही। प्रदेश के कई क्षेत्रों में रोडवेज को अतिरिक्त बसें चलानी पड़ी। स्नातक स्तरीय परीक्षा के लिए प्रदेश भर केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने और वापस लौटने के लिए सरकार ने रोडवेज बसों में निशुल्क सफर सुविधा कर रखी है। शनिवार को रोडवेज बसों में अभ्यर्थियों की खूब भीड़ रही। देहरादून के पर्वतीय डिपो से उत्तरकाशी के लिए पांच अतिरिक्त बसें चलानी पड़ी। महाप्रबंधक (संचालन) दीपक जैन ने बताया कि अल्मोड़ा और हल्द्वानी में भी कुछ जगह अतिरिक्त बसें चलानी पड़ी है। बसों में ज्यादा भीड़ नहीं थी, ज्यादात्तर अभ्यर्थी अपने संसाधनों या फिर रुटीन बसों से जा रहे हैं। बताया कि निशुल्क सफर की सुविधा 11 जुलाई तक रहेगी।

# ऋषिकेश में सड़कों पर जलभराव, नदी–नाले उफान पर



ऋषिकेश। ऋषिकेश में शनिवार को मूसलाधार बारिश से फिर लोगों को मुश्किलें झेलनी पड़ीं। शहर की सड़कों पर जलभराव से आवाजाही में परेशानी हुई। बारिश से नदी–नालों का जलस्तर भी बढ़ा रहा। शनिवार को गंगा चेतावनी निशान को छूकर बही। तटवर्ती इलाकों में बाढ़ की आशंका से लोग सहमे नजर आए। लगातार हो रही बारिश से बाजार पर भी असर पड़ रहा है। लोग घर से निकल भी नहीं पा रहे हैं। बीते कई दिनों से हो रही बारिश से आम जनजीवन काफी प्रभावित हो रहा है। लोगों अपने घरों से भी बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। इससे बाजार में सन्नाटे की स्थिति नजर आ रही है। ऋषिकेश में सड़कों पर जल जमाव से भी लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। सड़कों पर पानी भरने से दो पहिया वाहन चालक और पैदल चलने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शनिवार को दिनभर बारिश होती रही। आवागमन में दिक्कतों का सामना लोगों को करना पड़ा। बारिश से शहर में चारों ओर सड़कें पानी से लबालब रहीं। उधर, पर्वतीय क्षेत्र में बारिश से गंगा समेत दूसरे नदी–नाले उफान पर रहे। बरसाती नदी चंद्रभागा ने भी अचानक रौद्र रूप ले लिया। इससे तट से सटे क्षेत्रों में लोग दहशत में रहे। शाम के समय चंद्रभागा का जलस्तर घटने पर लोगों को राहत मिली। गंगा शनिवार को दोपहर के समय चेतावनी निशान 339.5 आरएल मीटर के करीब बही। लेकिन शाम 4 बजे के बाद गंगा के जलस्तर में कमी होने लगी।

# डेंगू के लार्वा को नष्ट करने के साथ ही जागरुकता कार्यक्रम चलाया जाए: डीएम

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका ने डेंगू / चिकनगुनिया की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही करने तथा व्यापक अभियान चलाते हुए प्राभावित क्षेत्रों एवं उनके आस पास के क्षेत्रों सहित जनपद के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई, फॉगिंग के साथ ही जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, बालविकास, शिक्षा, पंचायतीराज विभाग एवं सभी सम्बन्धित विभागों को कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। आशा, आंगनबाड़ी, नगर निगम की संयुक्त टीम के माध्यम से प्रभावी अभियान चलाते हुए डेंगू के लार्वा को नष्ट करने के साथ ही जागरुकता कार्यक्रम चलाया जाए। नगर निगम को फॉगिंग करने, सफाई व्यवस्था बनाने, जल की निकासी के प्रभावी उपाय करने के निर्देश दिए हैं। सभी कार्यदाई संस्थाओं एवं अन्य निर्माणधीन स्थलों पर पानी न ठहरे इसके लिए कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों, प्रबंधकों को स्कूलों की प्रार्थना सभाओं में छात्र/छात्राओं को प्रतिदिन डेंगू/चिकनगुनिया बुखार के नियंत्रण/बचाव हेतु उपाय/निरोधात्मक कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश दिये जाने के निर्देशों के अनुपालन में मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय से समस्त स्कूल प्रधानाध्यापकों, प्रबंधकों को बच्चों को फूल पैन्ट और पूरी आस्तीन की कमीज को पहन कर ही स्कूल आना है। प्रार्थना सभा में बच्चों को जागरूक करने तथा स्कूल/ घर के परिसर में कही पर भी डिसपोजल ध् नाली आदि में पानी एकत्र न हो के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालान में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया कि गर्मी/बरसात का मौसम शुरू होने वाला है जिसमें मच्छरों के प्रकोप के साथ–साथ चिकित्सालयों में डेंगू/ चिकनगुनिया बुखार के रोगियों के आने की सम्भावना बढ़ जाती है। जन सामान्य एवं बच्चों को डेंगू/ चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव हेतु जनमानस को सावधानी एवं जागरूक रहने की जानकारी दी गई है।

## सोशल मीडिया पर डाल दी युवक–युवती की आपत्तिजनक फोटो, केस दर्ज

देहरादून। दून निवासी युवक–युवती की आपत्तिजनक फोटो एक युवक ने सोशल मीडिया पर डाल दी। युवक पर अभद्रता करने का भी आरोप है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। कैंट कोतवाली में एक युवती ने तहरीर देकर बताया कि 25 मई को उनके फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए। उन्होंने बताया कि जिस आईडी से फोटो अपलोड हुए हैं, वो उसके दोस्त की बहन की आईडी है। इसपर दोस्त की बहन का कहना है कि आईडी अर्जुन रावत नाम के युवक द्वारा चलाई जा रही थी। आरोप है कि अर्जुन ने ही दोनों के फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड किए।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की दुनिया में अलग पहचान बनी है: प्रेमचंद अग्रवाल



ऋषिकेश। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की दुनिया में अलग पहचान बनी है। विदेशों में भारत का सम्मान बढ़ रहा है। आज पूरी दुनिया भारत को नई आशाओं के रूप में देख रही है। शनिवार को ऋषिकेश के विभिन्न क्षेत्रों में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने भाजपाइयों संग जनसंपर्क अभियान चलाया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का देवभूमि उत्तराखण्ड से विशेष लगाव है। उनके मार्गदर्शन में पिछले नौ सालों में उत्तराखंड में हर क्षेत्र में तेजी से कार्य हुए हैं। केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्य पर तेजी से कार्य चल रहा है। बदरीनाथ में मास्टर प्लान के तहत कार्य प्रगति पर हैं। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में जाकर शिक्षाविद आईडी जोशी, पूर्व सांसद मनोहर कांत धयानी, शहीद प्रदीप रावत के पिता कुंवर सिंह रावत, उषा देवी, शहीद मनीष थापा की माताजी राधा थापा, भाई मनोज थापा, मुकेश थापा को सम्मानित भी किया।

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग बच्चे के अपहरण का अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

विकासनगर। सहसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जस्सोवाला निवासी एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में ग्रामीण ने बताया कि उसका नाबालिग बेटा अचानक बिना किसी को कुछ बताये गायब हो गया है, जिसका कोई पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने नाबालिग के अपहरण मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जस्सोवाला निवासी ग्रामीण ने सहसपुर थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि घर में सबकुछ ठीकठाक चल रहा था, लेकिन छह जुलाई की सुबह उसका नाबालिग बेटा अचानक घर से बिना किसी को कुछ बताये निकल गया। जिसके बाद से वह न तो वापस लौटा और नहीं उसका कोई पता चल पाया। बताया कि जान पहचान के लोगों, रिश्ते–नातेदारी में भी सभी लोगों से पता किया। लेकिन बेटे का कोई पता नहीं लग पाया है। बताया कि बेटे के लापता होने से परिवार के लोग परेशान हैं। थानाध्यक्ष सहसपुर गिरीश सिंह नेगी ने बताया कि बच्चे की तलाश की जा रही है। परिजनों से पूछताछ के साथ ही सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। मुखबिर को सतर्क कर दिया है।

### मारपीट व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र के भीमावाला गांव में शुक्रवार रात गड्ढे से गुजर रही कार से छींटा पड़ने के बाद गुस्साए सात लोगों ने कार सवार युवक की जमकर पिटाई की। यही नहीं हमलावरों ने पीड़ित को जान से मारने की भी धमकी दी। पीड़ित कार सवार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बलवा, मारपीट और जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज किया है।

कार सवार ग्रामीण सांबित शर्मा पुत्र योगेंद्र शर्मा निवासी भीमावाला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार देर शाम को घर के पास कार बैक कर रहा था। जहां सड़क पर गड्ढा बना था। गड्ढा बारिश के कारण तालाब बना हुआ था। इस दौरान आरोपी वहां से गुजर रहे थे। जिन पर पानी के छींटे पड़ गये।

# सांप्रदायिक सदभाव बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को सत्ता का संरक्षण: नवप्रभात

विकासनगर। पूर्व कैबिनेट मंत्री नव प्रभात ने विकासनगर में छेड़खानी की घटना के बाद बाजार बंद कराकर माहौल बिगाड़ने के मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि माहौल बिगाड़ने वालों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने लोगों से अमन–चैन बनाए रखने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस गांवों में निगरानी समिति का गठन करेगी जो संवैधानिक और न्यायिक प्रणाली के तहत ऐसी घटनाओं पर नजर रखेगी। शनिवार को त्रिशला देवी जैन अतिथि गृह में हुई बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात ने कहा कि अंकिता हत्याकांड के दौरान ऐसा विरोध प्रदर्शन क्यों नहीं किया गया। उस हत्याकांड से भाजपा नेता सीधे तौर पर जुड़े हुए थे। उन्होंने कहा कि विकासनगर और आसपास के क्षेत्रों में हुई कुछ घटनाओं की वास्तविक असलियत जाने बिना ही उसे सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि पुरोला, चकराता, कालसी, विकासनगर में हुए बवाल में तीन चार लोगों के ही नाम सामने आते हैं। इन लोगों को प्रशासन की शह मिली हुई है। कहीं भी बवाल करने पर कार्रवाई के बजाय प्रशासन उनके पीछे चलता है। कहा कि प्रशासन की ऐसी प्रवृत्ति चिंतनीय है। सरकार की जुबान पर सिर्फ लव जेहाद ही है। कहा कि इस तरह की प्रायोजित घटनाएं तब तक होती रहेंगी, जब तक वो अपनी मंशा में सफल नहीं हो जाते।

हमें एक राजनैतिक दल के तौर पर शांतिपूर्ण तरीके से उनकी मंशा को विफल करने के लिए आंदोलन करना होगा। कहा कि हम किसी चुनाव के लिए नहीं लड़ रहे, हमारे दिमाग ने वर्ष 2024 का लोक सभा चुनाव नहीं है, बल्कि हम पछुवादून में अमन और शांति बनाए रखने के लिए लड़ रहे हैं। कहा कि इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, सभासद शम्मी प्रकाश, अभिनव ठाकुर, कुंवर पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## एफआरआई पर चरखी गेट बंद करने का आरोप

देहरादून। स्थानीय लोगों ने एफआरआई पर चरखी गेट बंद करने का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि अंग्रेजों के जमाने से खुले इस गेट के बंद होने से बाहर के ही नहीं बल्कि परिसर में रहने वाले लोगों व स्कूली बच्चों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कौलागढ़ बाजावाला निवासी सामाजिक कार्यकर्ता विनोद जोशी ने बताया कि कौलागढ़ की जनता को अपने काम से एफआरआई परिसर के किसी अनुभाग और परिसर में स्थित यूनियन बैंक में जाना पड़ता है। लेकिन चरखी गेट ना खुलने से उन्हें अब काफी दिक्कत हो रही है। इसके अलावा परिसर में निवास करने वाले परिवारों को रोजमर्रा का सामान लेने और बच्चों को स्कूल लाने ले जाने में बहुत ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# विकासनगर में हुआ उत्तराखंड सेब उत्पादक संघ का प्रथम सम्मेलन आयोजित

विकासनगर। विकासनगर स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति के प्रेक्षागृह में उत्तराखंड सेब उत्पादक संघ का प्रथम सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के नेता व हिमाचल प्रदेश के पूर्व विधायक राकेश सिंघा ने किया। जिसमें किसनों को संगठित करने व उनकी समस्याओं के निस्तारण पर जोर दिया गया। किसानों को संबोधित करते हुए किसान नेता राकेश सिंघा ने कहा कि उत्तराखंड में पहाड़ी क्षेत्रों की जलवायु सेब के पौधों व उत्पादन के लिए अनुकूल है। वैज्ञानिक तरीके से सेब बागवानी कर बागवान अपनी आय को बेहतर कर सकते हैं। इसके लिए क्लोन टैक्नोलॉजी से तैयार पौधों को लगाकर वह वैज्ञानिक पद्धति अपनाने की आवश्यकता है। राज्य व केन्द सरकार को सेब उत्पादक किसानों को बढ़ावा देने के लिए सेब के लाभकारी मूल्य की गारंटी देनी होगी। केन्द्र सरकार को सेब के आयात शुल्क को 100% करना होगा। ताकि हमारे देश के बागवानों को लाभ हो सकें। राकेश सिंघा ने जोर देकर कहा कि केंद्र सरकार को सेब व सेब उत्पादों पर जीएसटी समाप्त करनी चाहिए। उन्होंने सेब उत्पादक किसानों को संगठित होने व अपनी समस्याओं के लिए संघर्ष करने पर जोर दिया और अवगत कराया कि श्रीनगर काश्मीर सेब बागवानों का प्रथम अखिल भारतीय सम्मेलन 15 व 16 जुलाई को होगा। जिसमें उत्तराखंड से 10 प्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे। जिसमें राजेंद्र सिंह, गोपल सिंह, हकुम सिंह, भगत सिंह, बारू सिंह लक्ष्मण सिंह, धन सिंह, कुंदन सिंह, हरिसिंह व महावीर सिंह राणा चुने गए।

## अंतरराष्ट्रीय एक्टिविस्ट ज्ञानेंद्र कुमार का निधन

देहरादून। नेपाल, बांग्लादेश, म्यांमार और भारत में मानव तस्करी के खिलाफ काम करने वाले जाने माने एक्टिविस्ट ज्ञानेंद्र कुमार का लंबी बीमारी के बाद निधान हो गया। मूल रूप से काशीपुर के रहने वाले ज्ञानेंद्र कुमार अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त एक्टिविस्ट थे और नामी संस्था इंपावरिंग पीपुल के मुख्य कार्यकारी भी थे।

# सरकारी विद्यालयों की न तो दशा बदली और न ही लापरवाह रवैया

विकासनगर। नई शिक्षा नीति लागू करने के मामले में भले ही उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना हो, लेकिन सरकारी विद्यालयों की न तो दशा बदली और न ही लापरवाह रवैया। ताजा मामला हिमाचल प्रदेश की सीमा से सटे राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटगढ़ी का है, जहां के छात्र–छात्राओं को अब शिक्षा लेने के लिए हिमाचल प्रदेश के विद्यालय में जाना पड़ रहा है। भाटगढ़ी की प्रधान सुभद्रा शर्मा ने बताया कि बीते शिक्षा सत्र में इस विद्यालय में दस छात्र–छात्राएं अध्ययनरत थे। नवीन सत्र में छात्र संख्या बढ़ाने के बजाय यहां तैनात शिक्षक छात्रों को जबरदस्ती टीसी थमा रहे हैं, जिससे कि वे अन्यत्र विद्यालय में प्रवेश ले सकें। उन्होंने कहा कि दुर्गम श्रेणी के इस विद्यालय में तैनात शिक्षक साजिश के तहत विद्यालय को बंद करने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे कि उन्हें अन्यत्र तैनाती मिल सके। ग्रामीण दीवान चंद शर्मा, सतपाल, महिमानंद, परसराम, दाता राम, हरीश चंद्र, सीताराम, मोती राम, रोशन लाल, जयदत्त, कुमदास ने बताया कि अब उनके बच्चों को अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए करीब पांच किमी दूर हिमाचल प्रदेश की माध्यमिक पाठशाला पटाला में प्रवेश लेना पड़ रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षक अपनी सहूलियत के लिए ग्रामीणों के बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं।

## महिला सहित तीन लोगों पर मारपीट व छेडखानी का मुकदमा दर्ज

विकासनगर। मां–बेटी से मारपीट और छेड़खानी के मामले में महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

पीड़िता का आरोप है कि पांच जुलाई को वह महमूदनगर से वापस अपने घर लौट रही थी। तभी आरोपी अब्दुल सलाम पुत्र मंगता निवासी शंकरपुर, आमना पत्नी अब्दुल सलाम निवासी शंकरपुर व मंगता पुत्र रमजान निवासी शंकरपुर ने उसके साथ छेड़खानी, अभद्रता और अश्लील हरकतें की। जब उसने और उसकी बेटी ने विरोध किया, तब आरोपियों ने उसकी बेटी और उसके साथ मारपीट की।

# युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा दे रहा सिपेट : विधायक गैरोला




ऋषिकेश।सिपेट में छह माह के निशुल्क प्रशिक्षण शिविर में 55 युवाओं ने प्लास्टिक इंजीनियर से संबंधित डिप्लोमा कोर्स का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

शनिवार को केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान सिपेट में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डोईवाला विधायक बृज भूषण गैरोला ने समापन पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को सम्मानित किया और उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि डोईवाला स्थित सिपेट संस्थान युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा दे रहा है।

सिपेट के संयुक्त निदेशक एवं प्रमुख अभिषेक राजवंश ने कहा कि डीपीएमटी कोर्स से अनुराग मेहता, अंकुश मेहता, अनिरुद्ध कुमार, भास्कर भारती ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त किया है। प्रशिक्षण शिविर में 55 छात्र–छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

सभी छात्र–छात्राओं को कौशल एवं नियुक्ति प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। छात्र–छात्राओं का प्लेसमेंट न्यू पैक, तिरुपति पाइप, ऑक्सो पॉलीमर, तकाहाता प्रेसीजन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड आदि कंपनियों में 13000 से 21000 तक के मासिक वेतन पर हुआ है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्मनिर्भरता की ओर बढाया: विधायक पुंडीर



विकासनगर। सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने महा जनसंपर्क अभियान के तहत अटकफार्म तेलपुरा में बूथ समिति के सदस्यों के साथ घर–घर संपर्क किया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया है। आज देश तरक्की कर दुनिया के विकसित देशो को कड़ी टक्कर देर रहा है।

महा जनसंपर्क अभियान के दौरान विधायक ने जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की पिछली नौ साल की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की। विधायक ने कहा मोदी सरकार में भारत ने तरक्की की है, उपलब्धियों के नए नए आयाम हासिल किए है।

## एबीवीपी फने किया विचार गोष्ठी का आयोजन

देहरादून। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर देहरादून की ओर से शनिवार को डीएवी कालेज में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। परिषद की प्रदेश अध्यक्ष डा. ममता सिंह ने इस दौरान परिषद की पूरी यात्रा के बारे में बताया।


उन्होंने कहा कि परिषद केवल छात्र हित ही नहीं बल्कि समाज हित में भी हमेशा काम करती रही है और आगे भी करती रहेगी। इस दौरान छात्रों ने भी अपने अपने विचार रखे।

# प्लॉट पर अवैध कब्जा करने, गाली गलौज व मारपीट करने का मुकदमा दर्ज

विकासनगर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरिपुर सेलाकुई निवासी एक व्यक्ति ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में बताया कि उसकी अटकफॉर्म में एक प्लॉट है। जिस पर अटकफार्म निवासी एक व्यक्ति ने अवैध कब्जा कर लिया है। बताया कि जब उसने अवैध कब्जे का विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर गाली–गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अवैध कब्जा करने, मारपीट, गाली गलौज, जान से मारने की धमकी देने सहित विभिन्न आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है। आशीष कुमार पुत्र केश्‍ावानंद निवासी हरिपुर सेलाकुई ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि अटकफॉर्म में उसका एक प्लॉट है। जिसकी रजिस्ट्री, दाखिल खारिज आदि सभी उसके नाम पर है, लेकिन उक्त प्लॉट पर ताराचंद पुत्र रामचंद्र निवासी अटकफॉर्म ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया। जब उसे इस बात का पता चला तो उसने अपने प्लॉट पर जाकर अवैध कब्जा करने वाले का विरोध किया।

# दो दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात, लाखों खर्च के बाद भी अंधेरे में हैं वार्ड

**नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में लगाई गई स्ट्रीट लाइटें खराब ,शिकायत के बाद भी खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत नहीं कर रहा निगम**


नगर निगम क्षेत्र में लगाई गई स्ट्रीट लाइट

### जंगली जानवरों का बना है खतरा

स्ट्रीट लाइट खराब होने से सबसे अधिक परेशानी वन क्षेत्र के आसपास रहने वाली आबादी को उठानी पड़ रही है। अंधेरे में जंगली जानवर कब सड़क पर धमक जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। जबकि, कुंभीचौड़, लालपुर, झंडीचौड़ के लोग लगातार खराब लाइटों की मरम्मत की मांग उठा रहे हैं।


### बयान

नगर निगम क्षेत्र में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत करवाई जा रही है। नगर निगम की ओर से एक हजार अतिरिक्त लाइट मंगवाई गई है। जल्द ही स्थानों को चिन्हित कर लाइट लगवाई जाएगी। ...वैभव गुप्ता, नगर आयुक्त, कोटद्वार

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : दो दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात, कुछ यही हाल है नगर निगम की ओर से लाखों खर्च करने के बाद चालीस वार्डों में लगाई गई स्ट्रीट लाइटों की। दरसल, नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में लगाई गई अधिकांश लाइटें खराब पड़ी हुई हैं। नतीजा, शाम ढलते ही वार्डों में अंधेरा छा जाता है। वार्डवासियों की शिकायत के बाद भी नगर निगम लाइट मरम्मत कार्य में तेजी नहीं ला रहा। जबकि, पार्षद भी पूर्व में कई बार बोर्ड बैठक में समस्या को उठा चुके हैं।

वर्ष 2019-20 में करीब 48 लाख रुपये की लागत से निगम क्षेत्र के चालीस वार्डों में दो हजार से अधिक लाइट लगवाई गई थी। कुछ दिन तो लाइट से वार्डों में खूब उजाला रहा। लेकिन, धीरे-धीरे स्ट्रीट लाइट जवाब देने लगी। अब अधिकांश वार्डों में स्ट्रीट लाइट केवल शोपीस बनकर रह गई है। जौनपुर निवासी शांति देवी, कविता देवी ने बताया कि उनके वार्ड में पिछले दो माह से लाइट खराब पड़ी हुई है। शिकायत के बाद भी नगर निगम लाइट मरम्मत की सुध नहीं ले रहा। ऐसे में रात के अंधेरे में आवाजाही करने वाले लोगों को खतरा बना रहता है। पार्षद ने बताया कि स्ट्रीट लाइन खराब होने का मुद्दा बोर्ड बैठक में भी उठाया गया है। निगम अधिकारियों ने जल्द ही लाइट मरम्मत करने का आश्वासन दिया है।

# आशीष रौतेला ने मालदीव में जीता स्वर्ण पदक



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते आशीष रौतेला

### मूल रूप से ग्राम धूरा धराई के रहने वाले हैं आशीष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : साउथ एशियन बाडी बिल्डिंग एंड फिटनेस फेडरेशन की ओर से मालदीव की राजधानी माले में 13वीं साउथ एशियन बाडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। चैंपियनशिप में कोटद्वार के आशीष रौतेला ने 70 किलो भार वर्ग में प्रतिभाग कर स्वर्ण पदक जीता।

मूल रूप से दुगड्डा ब्लाक के ग्राम धूरा धनाई निवासी आशीष रौतेला का परिवार वर्तमान में कोटद्वार में निवास करता है। आशीष रौतेला वर्तमान में देहरादून में जिम का संचालन करते हैं। यह जानकारी देते हुए उनके पिता तीरथ सिंह रौतेला ने उनके प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त किया है।

# चंदोला रांई गांव में 10 जुलाई को बंद रहेगें स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल में गुलदार का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुलदार की दहशत के कारण लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रखा है। गुलदार की दहशत को देखते हुए जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने शहर से सटे चंदोला रांई गांव में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय, राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय के साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र में दस जुलाई को अवकाश घोषित कर दिया है।

कुछ दिन पूर्व गुलदार ने यहां पर एक चार वर्षीय बच्ची पर हमला कर घायल कर दिया था। जिसका जिला चिकित्सालय में उपचार किया गया। इस मामले में स्कूल के शिक्षकों द्वारा राजस्व उप निरीक्षक नान्दलस्यूं एवं खंड शिक्षा अधिकारी पौड़ी को बताया गया कि इन दिनों बरसात के मौसम में घने कोहरे के कारण छात्र-छात्राओं के स्कूल आते समय गुलदार का भय बना हुआ है। ऐसी स्थिति में बच्चों के अभिभावक उन्हें स्कूल छोड़ने जा रहे हैं। राजस्व उप निरीक्षक नान्दलस्यूं व खंड शिक्षा अधिकारी पौड़ी द्वारा इस संबंध में बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए संयुक्त आख्या उप जिलाधिकारी को सौंपी गई। अब उप जिलाधिकारी के अनुरोध पर डीएम डा. आशीष चौहान ने दस जुलाई को चंदोला रांई गांव में स्थित राजकीय प्राथमिक स्कूल, राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक स्कूल के साथ आंगनबाड़ी केंद्र में अवकाश घोषित कर दिया है।

### डीएम ने नायब तहसीलदारों को सौंपा तहसीलदार का अतिरिक्त प्रभार

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिलाधिकारी ने जिले के तीन नायब तहसीलदारों को तहसीलदार के पदों का अतिरिक्त प्रभार दिया है। जिले की कुछ तहसीलों में तहसीलदार नहीं होने से लोगो के प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे थे। जिस कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने आदेश जारी करते हुए कहा कि धुमाकोट के नायब तहसीलदार विकास अवस्थी को रिखणीखाल व लैंसडौन का अतिरिक्त प्रभार दिया है। इसके साथ ही सतपुली की नायब तहसीलदार सुधा डोभाल को कोटद्वार, यमकेश्वर, जाखणीखाल और श्रीनगर के नायब तहसीलदार हरीश जोशी को पौड़ी व चौबट्टाखाल के तहसीलदार का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कहा कि तहसीलदारों की नियुक्ति होने तक ये सभी इन तहसीलों की जिम्मेदारी संभालेंगे।

# रिखणीखाल की मंदाल नदी पर बने स्पान पुल का हुआ लोकार्पण


प्रखंड रिखणीखाल के अंतर्गत ग्राम झर्त में पुल के लोकार्पण करते विधायक दिलीप रावत

**लैंसडौन विधायक दिलीप सिंह रावत ने किया पुल का लोकार्पण**

### आपदा की भेंट चढ़ गया था पुल

मालूम हो कि वर्ष 2012 में ग्राम झर्त के समीप मंदाल नदी पर बना पुल आपदा की भेंट चढ़ गया था। जिससे ग्रामीणों को अपनी जान जोखिम में डालकर नदी पार करनी पड़ रही थी। सबसे अधिक परेशानी स्कूल के बच्चों को उठानी पड़ रही थी। ग्रामीण लगातार पुल निर्माण की मांग उठा रहे थे।

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : रिखणीखाल के अंतर्गत मंदाल नदी पर नव निर्मित स्पान पुल का शनिवार को लोकार्पण हो गया है। वर्ष 2012 की आपदा में उक्त नदी पर बना पैदल पुल धराशायी हो गया था। इस दौरान लैंसडौन विधायक दिलीप सिंह रावत ने ग्रामीणों को क्षेत्र के बेहतर विकास का आश्वासन दिया।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक दिलीप सिंह रावत ने मंदाल नदी पर बने 200 मीटर स्पान पुल का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र के बेहतर विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। कहा कि ग्रामीणों की सुविधा के लिए 18 करोड़ की लागत से स्पान पुल का निर्माण करवाया गया है। पुल निर्माण से झर्त, ज्वालाचौड़, ढिकोलिया, ढंग्याचौड़, गजरजाल, बीरोबाड़ी, गंगागांव, धूरा, बबल्याणी, उमराचौड़, खरड़ीचौड़, झर्त के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। कहा कि विधानसभा क्षेत्र के विकास में किसी भी तरह की धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।

इस मौके पर लोनिवि दुगड्डा खंड के अधिशासी अभियंता डीपी सिंह, ग्राम प्रधान देवा देवी, रणवीर सजवाण, विनोद जखमोला, अनिल ध्यानी, अमित नेगी, किशोर देवरानी, महेंद्र सिंह नेगी, दीपक गुसांई, ललित मोहन नेगी, दिनेश, सुरेंद्र सिंह रावत, महेंद्र सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

# गुरिल्लाओं ने सरकार के खिलाफ निकाली आक्रोश रैली

### एसएसबी स्वयं सेवक कल्याण समिति के बैनर तले निकाली गई रैली



कोटद्वार में मांगों को लेकर रैली निकालते गुरिल्ला

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : आंदोलन के बाद भी समस्याओं का निराकरण नहीं होने से आक्रोशित गुरिल्लाओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली। कहा कि यदि जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो गुरिल्ला एकजुट होकर आंदोलन करेंगे।

शनिवार को एसएसबी स्वयं सेवक कल्याण समिति के बैनर तले गुरिल्लाओं ने हिंदू पंचायती धर्मशाला से तहसील तक रैली निकाली। समिति के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मानंद डालाकोटी ने कहा कि पूर्व में 100 एसएसबी स्वयं सेवकों को वन विभाग में कैंपा योजना के तहत कार्य पर रखे जाने का निर्णय लिया गया था। लेकिन, अब तक किसी भी एसएसबी स्वयं सेवक को कार्य पर नहीं रखा गया है। यही नहीं, आंदोलन गतिविधियों के दौरान स्वयं सेवकों पर दर्ज मुकदमों को अब तक वापस नहीं लिया गया है। जबकि, स्वयं सेवकों को जल्द ही मुकदमें वापस लेने का आश्वासन दिया गया था। बैठक में एसएसबी स्वयं सेवकों को आपदा प्रबंधन में नियुक्ति देने, सरकारी नौकरियों में दस वर्ष की छूट देने, हिम प्रहरी योजना व बाईब्रेंट विजेल योजना का कार्य क्षेत्र व मानदेय बढ़ाने की मांग उठाई गई। इस मौके पर दुगड्डा ब्लाक अध्यक्ष कुंदन सिंह, मान सिंह, रामेश्वर, श्याम लाल, सुभाष रावत, हीरा लाल, अनीता ठाकुर सहित अन्य स्वयं सेवक मौजूद रहे।

### वन संरक्षक गढ़वाल ने गुलदार प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : शहर के गुलदार प्रभावित क्षेत्रों का वन संरक्षक गढ़वाल पंकज कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वन विभाग की टीम को गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में लगातार गश्त करने के साथ ही लोगों को सतर्क करने के निर्देश दिए। कहा कि गुलदार से लोगों की सुरक्षा के हरसंभव कदम उठाए। शहर में इन दिनों शिक्षा विभाग के पास शिवकुटी, गडोली, चंदोला राई में गुलदार की दहशत बनी है। शिक्षा विभाग के पास शिवकुटी मोहल्ले में एक साथ दो गुलदार दिखाए दिए थे। जिस पर वन विभाग ने यहां पर गश्त बढ़ाने के साथ ही पिंजरा भी लगा दिया है। इसके साथ ही चंदोला रांई में बीते दिनों एक गुलदार ने 4 साल की बच्ची पर हमला कर घायल कर दिया था। शहर में गुलदार प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए वन संरक्षक गढ़वाल पंकज कुमार ने वन विभाग की टीम को क्षेत्र में लगातार गश्त करने के साथ ही गुलदार के आतंक से शहर वासियों को निजात दिलाने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीएफओ गढ़वाल केएन भारती, रेंजर ललित मोहन नेगी आदि शामिल रहे।

# पोस्टर में हिमानी, वाद-विवाद में रमन और क्विज में खुशी रही अव्वल

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के वायुमंडलीय भौतिकी प्रयोगशाला एवं भौतिकी विभाग की ओर से पर्यावरण संरक्षण पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता में हिमानी भाटिया ने प्रथम, साक्षी बंसल ने द्वितीय और इशिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद में शोध छात्र रमन कत्तल ने प्रथम, नेहा कैंतुरा ने द्वितीय और शालिनी बिष्ट व अंशु भारद्वाज ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में खुशी, मोनालिशा, सिमरन कौर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

शनिवार को उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उत्तराखंड, गढ़वाल विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग एवं लक्ष्य सोसायटी देहरादून के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समीक्षा अधिकारी, सचिवालय देहरादून किशन सिंह असवाल ने पर्याव०रण संरक्षण एवं सतत विकास पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए सभी को आगे आने की जरूरत है। मुख्य वक्ता सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विनीत कुमार मौर्य ने पर्यावरण और सूक्ष्म जीव संरक्षण के लिए सूक्ष्म जीव विज्ञानी दृष्टिकोण विषय के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गढ़वाल विवि के मुख्य छात्रावास अधीक्षक प्रो. दीपक कुमार ने कहा कि बिगड़ा पर्यावरण हम सभी के लिए बीमारियां लेकर आ रहा है। कई ऐसी-ऐसी बीमारियां सामने आ रही है, जिनकी चपेट में आने से लोगों को बहुत नुकसान पहुंच रहा है। पानी व हवा के प्रदुषित होने से लोग गंभीर रोगों से ग्रसित हो रहे हैं। ऐसे में जरूरत है कि सभी लोग जागरूक हो और पर्यावरण को शुद्ध बनाने की दिशा में अपने हाथ आगे बढ़ाए। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. आलोक सागर गौतम, हैप्रक विभाग की सहायक प्राध्यापक डा. बबीता पाटनी, डॉ. लक्ष्मण सिंह कंडारी, करन सिंह, श्याम नारायण नौटियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# कूड़े से तैयार किए साज-सज्जा की वस्तुएं


महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : बेस्ट आउट आफ वेस्ट प्रतियोगिता के तहत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के विद्यार्थियों ने कूड़े से साज-सज्जा की वस्तुएं तैयार की।राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित स्ववित्तपोषित बीएड विभाग की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक संदीप किमोठी व भारती रावत के दिशा निर्देश में संपन्न किया गया। कार्यक्रम में बीएड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के अपशिष्ट पदार्थ यथा प्रयोग में लाई जा चुकी कांच, प्लास्टिक के बोतल व पुराने चार्ट के टुकड़े आदि का प्रयोग कर, सुंदर व उपयोगी साज-सज्जा के वस्तुओं में परिवर्तित कर सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार व स्ववित्तपोषित बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. हरीश प्रजापति ने प्रशिक्षणार्थियों के सृजन कार्य की प्रशंसा की।

### शिव महापुराण दस से

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : शिवत्व दर्शन धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट सत्तीचौड़ की ओर से दस जुलाई से शिव महापुराण का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए कथा वाचक राजेश देवेश नाथ ने बताया कि श्री महागौरी मूर्ति एवं केदार मंदिर की स्थापना हेतु 67वां श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ करवाया जा रहा है। कथा अपर कालाबड़ में होगी। कथा के अंतिम दिन भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

### 3 करोड़ 36 लाख की लागत से बनेगी लिफ्ट सिंचाई योजना

श्रीनगर गढ़वाल : देवप्रयाग विधानसभा के कीर्तिनगर विकासखंड के अंतर्गत न्यूली ग्राम सभा के लिए लिफ्ट सिंचाई योजना हेतु 3 करोड़ 36 लाख रूपए की मंजूरी मिल गई है। धनराशि की प्रथम किश्त के रूप में 50 लाख रूपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई है। लिफ्ट योजना के बनने से क्षेत्र के अन्य गांवों को भी इसका लाभ मिलेगा।

देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने बताया कि लघु डाल खंड उत्तरकाशी को लिफ्ट सिंचाई योजना के निर्माण के लिए प्रस्ताव गया था। जिसके तहत न्यूली ग्राम सभा के लिए लिफ्ट सिंचाई योजना के निर्माण की मंजूरी मिली है। उन्होंने कहा कि गांव में लोगों को खेतों की सिंचाई के लिए पानी होने पर क्षेत्र में बागवानी, सब्जी उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। जिससे रोजगार के अवसर भी खुलेंगे और गांवों से हो रहे पलायन में कमी आएगी।

# महंगाई पर कांग्रेस का हल्ला बोल, राहुल की सदस्यता खत्म होने पर भी जताया रोष

### जिला कांग्रेस कमेटी ने झंडाचौक में फूंका केंद्र सरकार का पुतला



कोटद्वार झंडाचौक में केंद्र सरकार का पुतला दहन करते कांग्रेसी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : देश में लगातार बढ़ती महंगाई के साथ ही कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता समाप्त किए जाने से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। कहा कि सत्ता में बैठी मोदी सरकार जनता का शोषण कर रही है। नगर अध्यक्ष संजय मित्तल व युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष विजय रावत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता झंडाचौक में एकत्रित हुए। जहां उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने केंद्र पर विपक्ष की आवाज को दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा लगातार देश के ज्वलंत मुद्दों को लोकसभा में उठाया जा रहा था, लेकिन साजिश के तहत उनकी लोकसभा की सदस्यता समाप्त करवा दी गई है। ये एक सोची समझी साजिश के तहत किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र पर महंगाई पर अंकुश न लगाए जाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आटा, दाल, सब्जी, तेल, घरेलू गैस सिलेंडर, पेट्रोल के दाम आसमान छू रहे है। कहा कि चुनावों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महंगाई पर अंकुश लगाने का वादा देश की जनता से किया था, लेकिन केंद्र सरकार महंगाई पर अंकुश लगाने में पूरी तरह से विफल साबित रही। आज जनता इस महंगाई से बेहाल है। कार्यकर्ताओं ने केंद्र से महंगाई पर अंकुश लगाने की मांग की। ऐसा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। इस मौके पर छात्रसंघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल, महिला महानगर अध्यक्ष सुधा असवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महावीर सिंह रावत, रमेश चंद्र खंतवाल, हेमचंद्र पंवार, सुनील दत्त सेमवाल, जनक भाटिया, धीरेंद्र सिंह बिष्ट, प्रवीन रावत, बृजमोहन सिंह नेगी, गुड्डी देवी, कविता भारती, गोपाल गुंसाई, कृपाल सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

# महिला कांग्रेस सेवादल प्रदेश अध्यक्ष बनने पर पूर्व पालिकाध्यक्ष शोभा जोशी का हुआ भव्य स्वागत



अल्मोड़ा।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह भोज की अध्यक्षता में आयोजित एक कार्यक्रम में उत्तराखंड कांग्रेस सेवादल महिला प्रदेश अध्यक्ष बनने पर पूर्व पालिकाध्यक्ष शोभा जोशी का फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह भोज ने कहा कि यह हमारे लिए बेहद गर्व की बात है कि कांग्रेस संगठन ने महिला प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सेवादल जैसे महत्वपूर्ण पद पर अल्मोड़ा को वरीयता देते हुए यहां की कांग्रेस नेत्री शोभा जोशी को यह दायित्व सौंपा। भोज ने कहा कि निश्चित ही शोभा जोशी के प्रदेश सेवा दल महिला मोर्चा बनने से कांग्रेस को बेहद मजबूती मिलेगी। विदित हो कि अल्मोड़ा की पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शोभा जोशी पूर्व में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सचिव भी रह चुकी हैं। शोभा जोशी कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के साथ ही सामाजिक कार्यों में भी लगातार सक्रिय रहती हैं। लगातार उनके द्वारा कुष्ठ आश्रम सहित निर्धन व्यक्तियों की राशन, बिस्तर एवं आर्थिक सहायता देकर मदद की जाती आ रही है। कोरोनाकाल में भी शोभा जोशी ने हजारों की संख्या में आक्सीमीटर, मास्क, सेनेटाइजर क्षेत्र की जनता में बांटे थे। अनेकों निर्धन कन्याओं का विवाह शोभा जोशी ने अपने व्यक्तिगत खर्च पर भी करवाया है। ऐसे अनेकों गरीब परिवार हैं जिनके बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा शोभा जोशी ने उठाया हुआ है।

### 37 लाख की धोखाधड़ी करने के दो आरोपियों की अग्रिम जमानत खारिज

काशीपुर : जमीन बेचने का झांसा देकर धोखाधड़ी से करीब 37 लाख रुपये हड़पने के दो आरोपियों की अग्रिम जमानत अर्जी प्रथम एडीजे ने सुनवाई के बाद खारिज कर दी है। प्रकाश सिटी निवासी अर्चना पत्नी जालन सिंह ने 11 मार्च, 2023 को आईटीआई थाने में बरखेड़ा पांडे निवासी सुमैर कौशिक, मलिक कालोनी, रुद्रपुर निवासी नीरज शर्मा, कातिब मौ. अली, सुभाषनगर निवासी अजय शर्मा, खड़क पुर निवासी सुखलेश आजाद, ठाकुरद्वारा निवासी खालिद, इकराम, युसूफ और अफजाल समेत दस लोगों के खिलाफ जमीन के बैनामे के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर 37 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि इन लोगों ने जमीन का सौदा कर तीन चेकों के माध्यम से 25.50 लाख, 10 लाख और 2.30 लाख रुपये के चेक से भुगतान प्राप्त कर लिया ।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की ओर अग्रसर : चुफाल



काशीपुर : डीडीहाट विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री विशन सिंह चुफाल ने केंद्र सरकार के नौ वर्षों के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों को सराहनीय बताया। कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ लोगों को मिला है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की ओर आगे बढ़ रहा है।

डीडीहाट विधायक चुफाल शनिवार को मंडी गेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्र तक हर घर शुद्ध जल की योजना चलाई गई है। जो जन-जन के लिए लाभदायक साबित हो रही है तथा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।

पर्वतीय क्षेत्र से पलायन रोकने के लिए सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा दिया, जिससे रोजगार के अवसर मिले हैं। पलायन पर भी विराम लगा है। कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पुनः सरकार बनाएगी। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं ने विधायक चुफाल का स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, जिला महामंत्री मोहन बिष्ट, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सैनी एडवोकेट, नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक गोयल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दुर्गेश पाल, रजत सिद्धू, विपिन अरोरा, रवि प्रजापति, डॉ. यशपाल रावत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# सरकार महिलाओं को आगे बढ़ाने हेतु सतत प्रयत्नशील

पिथौरागढ़ : उत्तराखंड राज्य में महिलाओं की प्रभावी भूमिका विषय को लेकर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ हुआ।

जिसमें वक्ताओं के वर्तमान में महिलाओं की दशा, सशक्तीकरण सहित अन्य मुद्दों पर अपने विचार रखे। शनिवार को एलएसएम महाविद्यालय में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा ने किया। प्राचार्य प्रो. पुष्कर सिंह बिष्ट ने मुख्य अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। जिपं अध्यक्ष बोहरा ने कहा कि उत्तराखंड राज्य में महिलाओं की प्रभावी एवं नेतृत्वकारी भूमिका रही है। महिलाएं जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। विशिष्ट अतिथि नेपाल के बैतडी नगर पालिका के मेयर पुष्कराज जोशी ने महिलाओं के मुद्दे पर नेपाल में महिलाओं के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। कहा कि सरकार महिलाओं को आगे बढ़ाने हेतु सतत प्रयत्नशील है। स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान किया गया है। मुख्य वक्ता डॉ. बीएम पांडे ने कहा कि महिला सशक्तिकरण आज के दौर की सबसे बड़ी उपलब्धि है। आयोजक डॉ. सरोज वर्मा ने कहा कि महिलाओं के मुद्दे पर काफी संख्या में प्राध्यापक व छात्र-छात्राएं इस कार्यक्रम से जुड़े हुए हैं। इस दौरान प्रो. दया पंत, डॉ. अशोक पंत, रेखा भंडारी, देवकी देवी, लक्ष्मी भट्ट, डॉ. हेम चंद्र पाण्डेय, डॉ. गुंजन माथुर, प्रो. इंदु जोशी, प्रो. अखिलेश शुक्ल, प्रो. शालिनी शुक्ल, प्रो. राजीव मिश्रा, प्रो. प्रेमलता पंत, प्रो. पंकज भट्ट सहित अन्य शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। योगदान देने वालों में डॉ. सतीश चंद्र जोशी, डॉ. एनएस धारियाल, डा. मुकेश पांडे, डॉ. नीलम धर्मसत्तू, डॉ. सचिन बोरा, डॉ. इन्दु आर्या, डॉ. गंगा तमांग, डॉ. रीता पांडे, डॉ. अमित कुमार जोशी, भुवन गिरी, रवीश कार्की, अमन कुमार, बबीता बोरा, ऋचा जोशी, हंसा वर्मा, पीयूष जोशी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# भीमताल में भाजपाईयों ने चलाया महाजनसंपर्क अभियान

हल्द्वानी : भाजपा कार्यकर्ताओं ने भीमताल में महाजनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने पद्मश्री डॉ. यशोधर मठपाल को मोदी सरकार की उपलब्धियों के पत्रक और पुस्तक भेंट की। साथ ही उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। शनिवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट जिला मंत्री नितिन राणा और कार्यकर्ताओं के साथ खुटानी में लोक संग्रहालय पहुंचे। उन्होंने पद्मश्री डॉ. मठपाल के संग्रहालय में संग्रहित चीजों, आर्ट गैलरी, बहुमूल्य ऐतिहासिक और दुर्लभ सांस्कृतिक धरोहरों का विस्तृत अवलोकन किया और उनकी जानकारी ली। साथ ही लोक संग्रहालय में उत्तराखंड की चीजों के अलावा पुरातत्व से जुड़ी हुई चीजों को देखा। उन्होंने कहा इस संग्रहालय में ऐसी चीज है। जो लोगों को अपनी ओर खींचती है। अपने इस अभियान में उन्होंने भाजपा के विकास कार्यों के बारे में बताया। साथ ही बरसात के दौरान भीमताल क्षेत्र की सड़कों में पड़े गड्ढे वह टूटी सड़कों को लेकर चिंता जताई और जल्द ही इन सब सड़कों को ठीक करने की बात कही। इस मौके पर जिलामंत्री नितिन राणा, प्रकाश आर्या, आशीष पाठक, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा, धन सिंह राणा, प्रगति जैन, प्रदीप पाठक, पंकज जोशी, योगेश तिवारी, कमलेश रावत, मुकेश पलड़िया, पवन भाकुनी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### फुटबाल प्रतियोगिता में भड़कटिया व पीपलकोट बनें विजेता

पिथौरागढ़ : अंडर-17 जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में पीपलकोट और भडकटिया की टीम ने जीत दर्ज की है। दोनों टीमें देहरादून में 12 जुलाई आयोजित सुब्रतो मुखर्जी फुटबाल प्रतियोगिता में शामिल होंगी। शनिवार को जिलास्तरीय अंडर-17 फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले हुए। राजकीय शिक्षक संघ के जिला महामंत्री प्रवीण सिंह रावल, स्पोर्ट्स कॉलेज के फुटबाल प्रशिक्षक पुष्कर अधिकारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच शुरु कराया। बालक वर्ग प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जीआईसी पीपलकोट व केएनयू जीआईसी के मध्य खेला गया जिसमें पीपलकोट ने 2-0 से जीत दर्ज की। बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला जीआईसी भडकटिया व जीआईसी कुम्डार के मध्य हुआ।

# पशु चिकित्सकों के 80 रिक्त पदों पर जल्द होगी नियुक्ति : निदेशक

हल्द्वानी : पशुपालन विभाग के नवनियुक्त निदेशक डॉ. बीसी कर्नाटक ने कहा प्रदेश में गोवंश को लंपी रोग से बचाने के लिए अब तक 70 फीसदी टीकाकरण हो चुका है। जुलाई अंत तक 100 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। वहीं जिलों में रिक्त पदों को भरने के लिए पशु चिकित्सकों के करीब 70-80 पदों का अधियाचन उत्तराखंड लोक सेवा आयोग को भेजा गया है। अगले एक-दो माह में सभी पद भर लिए जाएंगे। पशुपालन विभाग के नवनियुक्त निदेशक डॉ. बीसी कर्नाटक ने शनिवार को हल्द्वानी स्थित पशुपालन विभाग के अपर निदेशक कार्यालय में प्रेसवार्ता में ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य में अब तक लंपी रोग से 358 गोवंश की मृत्यु हो चुकी है, जबकि 20 हजार को बचाने में कामयाबी मिली है। वर्तमान में प्रदेश में पशु फार्मासिस्ट का कोई पद खाली नहीं है। पशुधन प्रसार अधिकारी के करीब 700 पद रिक्त हैं, जिनके विषय में विभागीय मंत्री ने आश्वस्त किया है कि मामले को कैबिनेट में लाकर एक साल के अंदर सभी पद भरे जाएंगे। डॉ. कर्नाटक ने बताया कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 84 पदों की भी स्वीकृति मिली है। जल्द ही इनमें भर्तियां होंगी। निदेशक ने बताया कि सरकार ने निराश्रित गोवंशी पशुओं को पालने वाले लोगों को भी प्रोत्साहन राशि देने की योजना बनाई है।

इसके अलावा राज्य में मोबाइल वैन यूनिट भी संचालित की जा रहीं हैं। अब तक 60 ब्लॉकों में ये सेवा शुरू कर दी गई है। 35 ब्लॉकों में जल्द इसे शुरू किया जाएगा।

# प्रेशर हार्न का प्रयोग करने वालों पर पुलिस ने की कार्यवाही



अल्मोड़ा। जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम चन्द्र राजगुरु द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों व यातायात पुलिस अधिकारियों को वाहनों में मोडिफाईड साईलेंसर व प्रेशर हार्न का प्रयोग कर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहन चालकों पर कड़ी चालानी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। शुक्रवार 07 जुलाई को प्रभारी इंटरसैप्टर अयूब अली द्वारा हैड कांस्टेबल सुनील कुमार, कांस्टेबल ललित बिष्ट के साथ चेकिंग के दौरान वाहनों में प्रेशर हार्न लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने पर 03 वाहन चालकों के विरुद्ध एमवीएक्ट के तहत चालानी कार्यवाही की गई तथा वाहनों में लगे प्रेशर हार्न उतारे गए। वहीं इंटरसैप्टर प्रभारी द्वारा नो पार्किंग में खड़े वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर चालानी कार्यवाही भी की गई।

### लगातार बढ़ रही महंगाई पर भड़के युवा कांग्रेस कार्यकर्ता

हल्द्वानी : देश में लगातार बढ़ रही महंगाई से युवा कांग्रेस कार्यकर्ता भड़क गए हैं। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने शीघ्र महंगाई पर अंकुश नहीं लगाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। शनिवार को युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राहुल नेगी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रानीखेत रोड पर केंद्र सरकार का पुतला फूंका। उन्होंने कहा जिस तरह फल-सब्जियों और दालों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। उससे आम आदमी का जीवन यापन करना मुश्किल होता जा रहा है। महिलाओं का रसोई का बजट बिगड़ रहा है। जबकि भाजपा की केंद्र सरकार को सिर्फ चुनाव से मतलब है। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार से सब्जियों और दालों के दाम पर लगाम लगाने की मांग की।

# महिला कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट के नेतृत्व में महंगाई के विरोध में किया प्रदर्शन



अल्मोड़ा। अल्मोड़ा में महिला कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट के नेतृत्व में स्थानीय चौहानबाटा में महंगाई के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार महिला कांग्रेस सहित कांग्रेस कार्यकर्ता शनिवार दोपहर 2 बजे चौहानबाटा पहुंचे तथा बेतहाशा बढ़ रही महंगाई के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अल्मोड़ा कांग्रेस की महिला जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई अपने चरम पर है और दैनिक उपभोग की वस्तुओं की कीमत आसमान पहुंच गयी है। पेट्रोल, डीजल, घरेलू गैस सिलेंडर, दवाईयों के मूल्य तो पहले से ही काफी बढ़े हुए हैं परन्तु अब भाजपा की इस सरकार में खाद्यान्न, सब्जी, तेल, दाल आदि का मूल्य भी दिन प्रतिदिन इतना बढ़ रहा है कि आम आदमी को अपने परिवार का भरण पोषण करना तक मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बाजार में किसी भी सब्जी का मूल्य आम आदमी के बजट से बाहर हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की इस सरकार में रसोई गैस सिलेंडर आज ग्यारह सौ रूपये से भी अधिक कीमत पर जनता को मिल रहा है जो सीधे तौर पर जनता का शोषण है।

# बिना सत्यापन किरायेदार रखने पर हुई चालानी कार्यवाही



अल्मोड़ा। जनपद के एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु के निर्देशन में जनपद में आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत वृहद स्तर पर सत्यापन अभियान चलाकर लगातार बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किया जा रहा है तथा बिना सत्यापन किरायेदार/मजदूर रखने वाले मकान मालिकों व ठेकेदारों के विरुद्ध भी चालानी कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रानीखेत हेम चन्द्र पन्त के नेतृत्व में रानीखेत पुलिस ने गनियाद्योली, ताड़ीखेत, सोनी बिनसर क्षेत्र में किराएदार व मजदूरों का सत्यापन अभियान चलाया, दो मकान मालिकों द्वारा अपने किरायेदारों का सत्यापन ना कराए जाने पर उनके विरुद्ध दस–दस हजार रुपये की कोर्ट चालानी कार्यवाही की गई। वहीं लमगड़ा थाना क्षेत्रान्तर्गत थानाध्यक्ष लमगड़ा दिनेश नाथ महंत के नेतृत्व में लमगड़ा पुलिस ने थाना क्षेत्र में किराएदार व मजदूरों का सत्यापन अभियान चलाया,

### युवा कांग्रेस ने फूंका पीएम मोदी का पुतला

पिथौरागढ़ : यूथ कांग्रेस ने महंगाई को लेकर सिल्थाम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जलाया। शनिवार को युकां जिलाध्यक्ष अभिषेक बोहरा ने कहा कि भारत के इतिहास में इतनी महंगाई कभी नहीं हुई जितनी मोदी सरकार में हो गई है। रोजमर्रा का भोजन बनाने के लिए आवश्यक राशन, सब्जियों के दाम 100 रुपये के पार पहुंच गए हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंजू लुण्ठी व डीडीहाट युकां विधानसभा अध्यक्ष कमलेश कठायत ने कहा कि केंद्र सरकार व सरकारी नीतियां महंगाई को रोकने में नाकाम साबित हुई हैं। (एजेंसी)

# सितम्बर में होगा जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन



अल्मोड़ा। मां नंदा सर्वदलीय समिति की एक बैठक 8 जुलाई को मां नंदा देवी के प्रांगण में की गई जिसमें समिति के द्वारा विगत वर्षों की भांति जन्माष्टमी महोत्सव को मनाने पर विचार विमर्श किया गया। सभी की सहमति से 5 व 6 सितंबर को जन्माष्टमी महोत्सव को मनाने पर सहमति हुई। समिति की सचिव गीता मेहरा ने अल्मोड़ा की सभी महिलाओं से जो भी महिलाएं गरबा व डांडिया नृत्य में भाग लेना चाहती हैं उनसे अपील की है कि 19 तारीख से सायं 4 बजे मां नंदा देवी के प्रांगण में पहुंचे। समिति की अध्यक्ष मीना भैसोडा ने अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं से इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। बैठक में अध्यक्ष मीना भैसोडा, सचिव गीता मेहरा, भगवती बिष्ट, लकी वर्मा, गीता आर्या, गीता पांडे, राधा राजपूत, ज्योति रावत, सुधा पंत, निर्मला जोशी, प्रेमा बिष्ट, राजेश्वरी आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

# गुरू के प्रति समर्पण आवश्यक

पिथौरागढ़ : दिव्य ज्योति जागृति संस्थान ने यहां गुरू महिमा को लेकर कार्यक्रम किया। इस दौरान कहा गया कि गुरू की कृपा से ही मानव जीवन में सुखों का झरना बहता है। इसलिए गुरू के प्रति समर्पण आवश्यक है।

शनिवार को नाबी मिलन घर में सत्संग का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान के संस्थापक और संचालक आशुतोष महाराज को याद करते हुए समन्वयक हरि अर्चना भारती तथा रेखा भारती ने कहा कि गुरु ब्रह्मज्ञान प्रदान कर हमारा मार्गदर्शन करते हैं। इससे हमारा जीवन सुगम और प्रगतिशील बनता हुआ सार्थकता को प्राप्त करता है। गुरु पूर्णिमा के महत्व को बताते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा वर्ष का वह मुकुटमणि दिवस है जब गुरु अपनी सम्पूर्ण कृपा के भंडार खोल देते हैं। गुरु पूर्णिमा भाव भरे अश्रुओं की वह धारा है जो बिना किसी जल के गुरु के श्री चरणों का प्रक्षालन करती है। गुरु एक शिष्य के भीतर उसके शिष्यत्व जगाने और गुरुमय हो जाने की कला है। यह तो वह आंतरिक जुड़ाव है जो एक शिष्य को अपने गुरु से इस कदर बांध देती है कि जिससे वह मुक्त नहीं हो पाता। साधना में नित्य अन्तर आत्मनिरिक्षण कर दोषों को ढूंढें, कठोरतापूर्वक उनका परित्याग करें। विवेकपूर्ण गुणों को खुद में भरें, दृढ़तापूर्वक आगे बढ़ें और प्रसन्न रहें। इस दौरान नर्मदा रावल मंजू रावत पुष्पा राठौर हेमा बिष्ट रुकमणी बिष्ट दौलत रायपा दीवान गुंज्याल महेश वर्मा भीमराज नबियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### हाईकोर्ट के जज एसएसबी जवानों से मिले

चम्पावत : चम्पावत में नैनीताल हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी एसएसबी मुख्यालय पंचम वाहिनी के जवानों से मिले। उन्होंने पूरे परिसर का निरीक्षण कर तमाम जानकारी ली।

इस दौरान एसएसबी मुख्यालय और विभिन्न बीओपी में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इससे पहले एसएसबी जवानों ने मुख्यालय पहुंचने पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। द्वितीय कमान अधिकारी अमित कुमार ने उनका स्वागत किया।

# शुभम ने साउथ एशियन बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में जीता रजत पदक



अल्मोड़ा। अल्मोड़ा निवासी शुभम महरा एक बार फिर सबको गौरवान्वित करने का मौका दिया है। उन्होंने टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करते हुए मालदीव में आयोजित साउथ एशियन बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीत कर टीम इंडिया और अल्मोड़ा नगर का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। गौरतलब हो कि शुभम महरा ने दो बार मिस्टर अल्मोड़ा, दो बार मिस्टर कुमाऊं यूनिवर्सिटी, एक बार मिस्टर यूपी रह चुके हैं और नॉर्थ जोन चैंपियनशिप में ब्रांज मेडल जीत चुके हैं। इसके अतिरिक्त शुभम ने कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है और साउथ एशियन बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। मूल रुप से बागेश्वर जिले के कौसानी के शुभम, वर्तमान में अल्मोड़ा के पूर्वी पोखरखाली मोहल्ले में निवास करते हैं और रघुनाथ सिटी मॉल अल्मोड़ा में प्योर फिटनेस स्टूडियो जिम का भी संचालन करते हैं। शुभम के पिता डॉ महेन्द्र सिंह महरा हरीदत्त पेटशाली इंटर कॉलेज में प्रवक्ता पद पर कार्यरत हैं जबकि माता धौलादेवी ब्लॉक में सहायक अध्यापिका हैं। शुभम की इस उपलब्धि पर उनके परिजनों सहित नगरवासियों में खुशी का माहौल है।

# भव्य कांवड़ यात्रा निकालने का निर्णय लिया

चमोली। आगामी सावन माह में शिवालयों में शिव भक्तों द्वारा चढाए जाने वाले गंगाजल को लाने के लिए कांवड़ यात्रा समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। शनिवार को नारायणबगड़ के साक्षी लॉज में महामृत्युंजय महादेव मंदिर समिति के तत्वावधान एवं कांवड़ यात्रा समिति के रायबहादुर सैलानी की अध्यक्षता में आगामी सावन माह में प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में शिव भक्तों द्वारा पवित्र गंगाजल चढ़ाए जाने के लिए कांवड़ यात्रा समिति का विस्तार करते हुए कांवड़ यात्रा के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई। पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी महामृत्युंजय महादेव मंदिर समिति एवं कांवड़ यात्रा समिति ने भव्य कांवड़ यात्रा का निर्णय लिया है। हर वर्ष कर्णप्रयाग के पवित्र संगम से पदयात्रा करते हुए शिवभक्त कांवड़ियों गंगाजल लाकर अपने अराध्य देव महादेव के विभिन्न मंदिरों में चढ़ाते हैं। इस दौरान कांवड़ यात्रा की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई। इस बार महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है कि महिलाओं को भी कांवड़ यात्रा में शामिल किया जाएगा और उनको कोई पंजीकरण शुल्क नहीं देना पड़ेगा। कांवड़ यात्रा समिति के संयोजक दलीप सिंह नेगी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि इस बार कांवड़ यात्रा को और भी भव्य स्वरूप दिया जाएगा। बताया कि 30 जुलाई को सभी शिवभक्त कांवड़िये सांस्कृतिक परिधानों में कर्णप्रयाग पवित्र संगम पर पहुंचेंगे जहां पर विधिविधान से पूजा अर्चना करने के उपरांत गंगाजल लेकर कांवड़िये वापस पदयात्रा करते हुए रात्रि विश्राम के लिए नारायणबगड़ पहुंचेंगे और इस पूरे यात्रा काल में कांवड़ियों की दोनों समितियों की ओर से सभी आवश्यक सुविधाएं और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जायेगा। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि नारायणबगड़ में रात्रि विश्राम पर भजन कीर्तन और भोजन की व्यवस्था की गई है और 31 जुलाई को प्रातः कांवड़िये महामृत्युंजय महादेव मंदिर, कमलेश्वर महादेव मंदिर, कौबेश्वर महादेव मंदिर,मालेश्वर महादेव मंदिर, मींगेश्वर महादेव मंदिर,कुश महादेव मंदिर आदि शिवालयों के लिए पदयात्रा करते हुए प्रस्थान करेंगे। दोनों समितियों ने लोगों से कावंड यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सामिल होकर पुण्य अर्जित करने की अपील की है। इस अवसर पर महामृत्युंजय महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष बृजमोहन सिंह,सचिव जयपाल सिंह, कांवड़ यात्रा समिति के बिक्रम सिंह,अवधेश शाह, देवेंद्र पाल सिंह,अबलसिंह सणकोटी, दलवीर नेगी,लक्ष्मण सिंह,दयाल सिंह,प्रेम सिंह,दर्शन सिंह, भोलेनाथ शाह, पूर्व कनिष्ठ उप प्रमुख दलवीर रावत आदि बड़ी संख्या में समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सवा लाख की स्मैक के साथ एक युवक गिरफ्तार

नई टिहरी। मुनि की रेती पुलिस ने नशे के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए सवा लाख लागत की 15.10 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही सुनिश्चित की है। पुलिस की मीडीया सेल ने बताया कि जनपद में लगातार एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर के निर्देश पर नशा कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही जा रही है। जिसके तहत शनिवार को मुनि की रेती पुलिस ने विशेष चैकिंग आभियान चलाते हुए चेकिंग के दौरान बंदा पुल वाली रोड़ पर आरोपी कृष्णा यादव पुत्र बबन यादव निवासी गली न. 12 शीशमझाड़ी मुनि की रेती को करीब सवा लाख रूपये कीमत की 15.10 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। जिसके सम्बंध में थाना मुनि की रेती में आईपीसी की धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीकृत किया गया है।

# चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की तैयारी शुरू

नई टिहरी। आगामी लोक सभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने को जन सामान्य के मध्य चुनाव प्रक्रिया की जानकारी स्वीप व ईएलसी गतिविधियों के माध्यम से देने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिसे लेकर स्वीप-ईएलसी गतिविधियों के संबंध में शनिवार को सीडीओ मनीष कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। सीडीओ ने बैठक में कहा कि सभी संबंधित अधिकारी चुनावी साक्षरता क्लब (ईएलसी) गतिविधियों को धरातल पर उतारने के लिए अपने-अपने स्तर पर तत्परता से ईएलसी का गठन कर रोस्टर वाइज गतिविधियों को संचालित कर साप्ताहिक रिपोर्ट फोटोग्राफ्स सहित निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें। सीडीओ ने कहा कि समन्वयक स्वीप सीईओ को जनपद के समस्त स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी आदि मे स्वीप-ईएलसी गतिविधियां आयोजित कर संकलित सूचना निर्धारित समयानुसार उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों, चिकित्सालयों, बैंक शाखाओं, सस्ता गल्ला दुकानों, एनआरएलएम ग्रुप, स्वयं सहायता समूहों की बैठक, जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत, ग्राम पंचायत की बैठक, मतदेय स्थलों, कृषि-उद्यान-पशुपालन की इकाईयों, बसों-टैक्सी, गैस सिलेण्डर, दुग्ध वाहन-कंटेनर्स आदि में निर्वाचन प्रक्रिया संबंधी पोस्टर, पम्पलेट, स्टीकर चस्पा करने के निर्देश दिए। निर्वाचन प्रक्रिया पर चर्चा-परिचर्चा, जागरूकता रैली, महिला चौपाल, यूथ वोटर फेस्टिवल, खेल प्रतियोगिता के दौरान जानकारियां प्रोपर प्रसारित करने को कहा गया।

## कांवड़ यात्रा को लेकर रणनीति तैयार

चमोली। नारायणबगड़ विकासखंड में आगामी श्रावण मास को देखते हुए कांवड़ यात्रा को लेकर समिति की एक आवश्यक बैठक का आयोजन शनिवार को किया गया किया गया।

# अगस्त्यमुनि जवाहरनगर में तेज रफ्तार कार ने कई वाहनों को किया क्षतिग्रस्त

रुद्रप्रयाग। अगस्त्यमुनि के जवाहरनगर कस्बे में शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार कार ने बड़ा हादसा कर डाला।

इस ओवर स्पीड कार ने हाईवे किनारे लगे एक कार सहित कई दुपहिया वाहनों को टक्कर मारकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। आलम यह रहा कि शोर शराबा देखकर कुछ युवा क्षतिग्रस्त वाहन स्वामियों को ही धमकाते दिखाई दिए।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात करीब 11 बजे जवाहरनगर कस्बे में एक तेज रफ्तार से आ रही कार ने कई वाहनों को नुकसान पहुंचा दिया। पेयजल यूनिट पम्प को भी नुकसान पहुंचा है। हादसे के प्रत्यक्षदर्शी विजेंद्र सिंह ने बताया वो घर लौटने के लिए अपना वाहन निकाल ही रहे थे कि अचानक अगस्त्यमुनि से जवाहरनगर की ओर तेज गति से आ रही सफेद कार अचानक सड़क के किनारे एक कार सहित एक दर्जन से अधिक स्कूटी और बाइकों से टकराती हुए आई। वह सड़क से दूर होने के कारण बाल बाल बच गए। किंतु टक्कर से वहां खड़ी सहायक खण्ड विकास अधिकारी अगस्त्यमुनि कमल सिंह पंवार की कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह से चकनाचूर हो गया। जबकि 13 से अधिक दोपहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के आगे के बोनट का सारा हिस्सा उखड़ गया। अगस्त्यमुनि थाना प्रभारी सदानन्द पोखरियाल ने कहा कि रात हुई घटना में एक तहरीर प्राप्त हुई है।

आरोपी युवा ने बताया है कि अचानक कार बेकाबू हो गई थी जिससे यह घटना हुई है। प्राप्त तहरीर के अनुसार मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है। दोनों पक्ष आपस में समझौते की भी बात कर रहे हैं।

## स्थानीय लोगों के रोजगार प्रभावित न करे सरकार

रुद्रप्रयाग। मदमहेश्वर और तुंगनाथ घाटी में वन विभाग द्वारा अनेक लोगों को नोटिस देने का जिला पंचायत सदस्य कालीमठ विनोद राणा ने विरोध किया है। उन्होंने कहा कि सरकार गांव के आर्थिक कमजोर लोगों पर दबाव बनाकर उन्हें रोजगार से बेदखल कर रही है जबकि बड़ी मात्रा में चल रही हेली सेवाओं के प्रति सरकार मौन बैठी है। क्षेत्रीय ग्रामीणों को समर्थन देते हुए जिपंस विनोद राणा ने कहा कि द्वितीय केदार मदमहेश्वर और तृतीय केदार तुंगनाथ में बड़ी संख्या में भक्त दर्शनों को आते हैं ऐसे में स्थानीय लोग किसी तरह झोपड़ी बनाकर लोगों की सेवा कर रहे हैं साथ ही अपना छोटा सा रोजगार भी चला रहे हैं किंतु वन विभाग द्वारा उन्हें अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। लोगों को नोटिस देकर उनका मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। कहा कि किसी तरह अपनी आजीविका चल रहे ग्रामीणों को सरकार और वन विभाग नोटिस देकर डरा रही है।

# डीएम ने किया जिला अस्पताल बौराड़ी का निरीक्षण

## डाक्टरों और स्टाफ की कमी को पूरा करने के दिए निर्देश

नई टिहरी। डाक्टरों व स्टाफ की कमी से जुझ रहे जिला अस्पताल बौराड़ी का शनिवार को डीएम मयूर दीक्षित ने निरीक्षण किया। मौके पर डीएम ने सीएमओ डा मनु जैन को अगले माह तक स्टाफ व डाक्टरों की कमी को पूरा करने के निर्देश दिए।

अस्तपाल में मरीजों व तिमारदारों से बातचीत कर अस्पताल का हाल जाना। पीपीपी मोड से हटने के बाद जिला अस्पताल बौराड़ी में अब तक डाक्टरों व स्टाफ की कमी पूरी नहीं हो पाई है। जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

डीएम मयूर दीक्षित ने अस्पताल में निरीक्षण के दौरान डाक्टरों व स्टाफ की कमी को देखते हुए सीएमओ व सीएमएस इसके लिए त्वरित कदम उठाने के निर्देश दिए। मरीजों एवं तीमारदारों से बातचीत कर मरीजों का हाल-चाल जानते हुए जानकारी ली, कि खाने में क्या दिया जा रहा और स्वास्थ्य सुविधाओं किस तरह दी जा रही हैं। जिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य सुविधाओं में मैनपॉवर, सफाई व्यवस्था, जनपद में संचालिल सीएचस-पीएचसी के की जानकारी लेते हुए जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाने की बात कही। सीएमओ को निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि जिला अस्पताल यहां का केंद्र बिंदु है। इसलिए यहां पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जुलाई-अगस्त तक मैनपॉवर बढ़ायें इसके साथ ही भवन में सिलन समस्या को दूर कर, पार्किंग का व्यवस्था व ब्लड बैंक की व्यवस्था करने का कहा। अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मिकों के आई कार्ड बनाने, डायट चार्ट बनाने और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सरकार की संचालित योजनाओं को प्रसारित करते हुए रेट लिस्ट डिस्पले करने व मेडिकल स्टॉफ की ट्रेनिंग प्रोपर करवाने को कहा। डीएम ने स्त्री रोग विशेषज्ञ कक्ष, बाल रोग विशेषज्ञ कक्ष, टीकाकरण कक्ष, अस्थि रोग कक्ष, प्लास्टर कक्ष, मेडिसन ओपीडी, परामर्श कक्ष, नेत्र विशेषज्ञ कक्ष, सीटी स्कैन कक्ष, एक्स-रे कक्ष, भर्ती रोगी वार्ड, पोस्ट मार्टम वार्ड, महिला-प्रसूति कक्ष, नवजात शिशु कक्ष, जनरल वार्ड, सेमिनार हाल व शौचालयों का निरीक्षण किया। सीएमओ डा जैन ने बताया कि जिला चिकित्सालय में दो दिन (सोमवार और मंगलवार) के लिए रेडियोलॉजिस्ट की व्यवस्था की गई है। लॉन्ड्री व्यवस्था के लिए टेण्डर कर लिया गया है। चिकित्सालय में दवाई पर्याप्त मात्रा में है। पीआरडी के माध्यम से सुरक्षा कर्मियों की मांग की।

# काली पट्टी बांध केंद्र सरकार के खिलाफ मौन धरना दिया

नई टिहरी। राहुल गांधी को लेकर चल रहे मानहानि मामले में शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ बाहों में काली पट्टी बांधकर कांग्रेस कार्यालय में मौन धरना देते हुए रोष जाहिर किया।

धरने से पूर्व आयोजित सभा में कांग्रेस के वक्ताओं ने भाजपा पर सत्ता का दुरूपयोग कर कांग्रेस नेताओं को झुठे मामलों में फंसाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस इससे डरने वाली नहीं है, बल्कि पूरी ताकत से मुकाबला कर मामले को सुप्रीम कोर्ट ले जाने का काम करेगी। जिला कांग्रेस कार्यालय में शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में रघुपति राघव राघव राजा राम भजन के साथ कांग्रेसियों ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए भाजपा की केंद्र सरकार पर निशाना साधा।इस मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश राणा, प्रदेश प्रवक्ता शांति भट्ट, महिला कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री दर्शनी रावत, लक्ष्मी रावत, शहर कांग्रेस के अध्यक्ष कुलदीप पंवार, देवेंद्र नौडियाल, सूरज राणा, मान सिंह, खुशी लाल, नवीन सेमवाल, महाजन सिंह रावत, मोहन सिंह परमार, अशद आलम, मुशर्रफ अली, मुर्तजा बेग, साब सिंह सजवाण, किशोर मंद्रवाल, दिनेश पंवार, बीनी, घनश्याम पंवार, शूरवीर पंवार, रमेश, शंभू सिंह, बलबीर सिंह, बालम पंवार आदि मौजूद रहे।

## हर्बल गांव घेस व्यवसायिक मॉडल के रूप में विकसित होगा

चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने जनपद के सबसे दूरस्थ एवं सीमांत गांव घेस का भ्रमण करते हुए स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनी। जिला मुख्यालय से करीब 145 किलोमीटर दूर त्रिशूल पर्वत की तलहटी में बसे देवाल ब्लाक के सीमांत गांव घेस पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने पारंपरिक वाद्य यन्त्रों एवं मांगलिक गीतों के साथ जिलाधिकारी का स्वागत किया। घेस गांव में कृषकों द्वारा जड़ी बूटी की खेती के प्रति उत्साह को देखते हुए जिला अधिकारी हिमांशु ने कहा हर्बल गांव घेस में जड़ी बूटी उत्पादन को एक व्यावसायिक माडल के रूप में विकसित किया जा सकता है ।ग्राम पंचायत घेस भ्रमण के दौरान देवाल ब्लाक प्रमुख दर्शन दानू, क्षेत्र पंचायत सदस्य रेखा घेसवाल, घेस के ग्राम प्रधान कलावती देवी, अन्य जनप्रतिनिधियों सहित डीएफओ सर्वेश कुमार दुबे, एडीएम रविन्द्र ज्वांठा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ उमा रावत, परियोजना निदेशक आनंद सिंह,डीएसटीओ विनय जोशी, तहसीलदार प्रदीप नेगी, आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी एवं लोनिवि, पीएमजीएसवाई, जल संस्थान, जल निगम, विद्युत, सिंचाई आदि विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# भूमि पूजन के साथ चमराड़ा देवी मंदिर का पुर्निर्माण शुरू

नई टिहरी। भरपूर पट्टी स्थित प्राचीन शक्ति पीठ चमराड़ादेवी (चामुंडा देवी) के मन्दिर के पुनर्निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया।

इसमें क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु व जनप्रतिनिधि यहां पहुंचे थे। पुराणों के अनुसार माता भगवती ने गर्दभासुर राक्षस का यहां वध किया था।

यहां सती के चाम (त्वचा) के गिरने इसको चमरेश्वेरी भी कहा गया जो बाद में चमराड़ा हो गया। गढ़वाल के 52 गढ़ों में शामिल भरपूर गढ़ की यह कुल देवी भी मानी जाती है। मुन्नाखाल के समीप चोटी पर स्थित चमराड़ा देवी भरपूर, दोगी व पालकोट पट्टी की प्रमुख देवी होने से यहां से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए पहुंचते हैं। प्रति वर्ष वैशाख माह की दस गते को यहां विशाल मेला आयोजित होता है। चौण्ड मसूण गांव के पाण्डे व कुकरेती परिवार यहां पुजारी हैं। इस पर्वत को चामुडाचल भी कहा जाता है। भूगर्भीय सर्वेक्षण में यहां तांबा का भंडार होने की संभावना जताई गयी है। शक्तिपीठ चमराड़ा देवी मन्दिर समिति अध्यक्ष रमेश पांडे व समाज सेवी शरत तड़ियाल के अनुसार, यहां 35 फीट ऊंचा विशाल मन्दिर निर्माण क्षेत्रीय जनता के सहयोग से बनेगा। भूमि पूजन में विधायक प्रतिनिधि महेंद्र गुसाई, जिपंस नरेंद्र रावत, शरत तड़ियाल, घमंड सिंह जेठुडी, रमेश गुसाई, राजेंद्र पंवार, मकान सिंह, सेनि कैप्टन बांके लाल पांडे, राधेश्याम कुकरेती, अर्जुन राणा, प्रताप सिंह, पुरुषोत्तम आदि मौजूद रहे।

# नगर निगम कर्मचारी संयुक्त मोर्चा कांवड़ के बाद करेगा आंदोलन

हरिद्वार। नगर निगम कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रेसवार्ता की। प्रेसवार्ता में मौजूद संयुक्त मोर्चे के पदाधिकारियों ने अपनी विभिन्न मांगों की अनदेखी पर नाराजगी जतायी। संयुक्त मोर्चे के पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता कर कांवड़ मेले के बाद अपनी मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करने की बात भी इस दौरान कही। नगर निगम कर्मचारी संयुक्त मोर्चे के पदाधिकारियों ने कहा कि कई बार निकाय के कर्मचारियों की उत्तराखंड बनने से पूर्व के रिक्त पदों को बहाल कर वरिष्ठता क्रम के अनुसार संविदा, आउटसोर्स, मोहल्ला स्वच्छता समिति कर्मचारियों को नियमित करने, पर्यावरण मित्रों का वर्षों से बंद पड़ा सामूहिक बीमा चालू करने, प्रदेश में निकायों के अन्य विभागों में संविदा पर कार्यरत लिपिक, ड्राइवर, लाइनमैन, हेल्पर, अनुचर आदि कर्मचारियों के नियमितीकरण, समूह घ के पदों को मृत केडर से बहाल करने, पर्यावरण पर्यवेक्षकों के पदों को 50 फीसदी पर्यावरण मित्रों की विभागीय पदोन्नति से भरने, उत्तराखंड के अन्य विभागों में संविदा एवं आउटसोर्स पर तैनात पर्यावरण मित्रों को भी निकायों के कर्मचारियों की भांति 500 प्रतिदिन के हिसाब से वेतन देने जैसी मांगों को लेकर कई बार ज्ञापन दिया गया। मोर्चा के पदाधिकारियों का कहना है कि मांगों को लेकर न ही वार्ता के लिए बुलाया गया न ही किसी पर कोई ठोस कार्रवाई हुई। प्रेसवार्ता में मौजूद सुरेंद्र तेश्वर, संतोष गौरव, राजेंद्र श्रमिक, नान पेवल, प्रमोद बिरला, जितेंद्र तेश्वर, कुलदीप कांगड़ा, जुगनू कांगड़ा, रामकुमार आदि ने कहा कि यदि उनकी मांग पर सरकार कोई सकरात्मक निर्णय नहीं लेती है तो कांवड़ यात्रा के देहरादून डीएम कार्यालय में सांकेतिक धरना और उसके बाद मोर्चा बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा।

# जांच में फर्जी निकला जानलेवा हमले का मामला

रुड़की। गोली मारकर ग्रामीण की हत्या की कोशिश का मुकदमा जांच में फर्जी निकला।

पुलिस जांच में पता चला कि अवैध संबंध बनाने से मना करने पर ग्रामीण ने एक परिचित से अपने हाथ पर गोली चलवाने के बाद झूठा मुकदमा लिखाया था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर तमंचा व कारतूस बरामद कर लिए हैं। तीन जुलाई को अलावलपुर निवासी संजीव कुमार ने पुलिस को बताया कि रायसी के दो सगे भाइयों ने हत्या करने के इरादे से उस पर तमंचे से गोली चलाई है। गोली हाथ में लगने से वह बच गया। संजीव के बेटे अमित ने दोनो भाइयों पर हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज कराया था। पूछताछ में संजीव घटना की वजह नहीं बता सका। पुलिस ने गहराई से जांच की तो पता चला कि संजीव के छोटे बेटे से एक आरोपी की दोस्ती है। आरोपी अक्सर दोस्त के घर आता था। तब संजीव ने उसे अप्राकृतिक संबंध बनाने पर पैसे देने का लालच दिया, तो उसने इंकार कर दिया। साथ ही वहां जाना भी बंद कर दिया। इस पर पुलिस ने संजीव से सख्त पूछताछ की तो असली मामला सामने आया। कोतवाल अमरजीत सिंह ने बताया कि अप्राकृतिक संबंध बनाने का दबाव डालने के लिए बाक्करपुर निवासी अपने परिचित मनीर उर्फ मुनीर को देशी तमंचा व कारतूस देकर खुद अपने दाहिनी बाजू पर गोली चलवाई थी। बताया कि संजीव और मनीर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तमंचा, तीन जिंदा व एक खाली कारतूस बरामद किए हैं। एसएसपी अजय सिंह ने खुलासा करने वाली टीम में शामिल कोतवाल अमरजीत सिंह, एसआई मनोज नौटियाल, सिपाही गंगा सिंह, अजीत तोमर व गोविंद को ढाई हजार का इनाम देने की घोषणा की है।

## टीनशेड उखाड़कर हाईवे पर पहुंच रहे शिवभक्त

हरिद्वार। कांवड़ियों की रवानगी के लिए भले ही गंगनहर पटरी से व्यवस्था की गई हो, लेकिन कांवड़ियों को हरिद्वार-दिल्ली हाईवे से ही वापसी भा रही है। गंगनहर पटरी पर लगी टीनशेड को उखाड़कर कांवड़िए हाईवे पर पहुंच रहे है, ऐसे में उन्हें वापस गंगनहर पटरी पर धकेलने में पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। कांवड़ यात्रा चरम पर है। रोजाना कई लाख कांवड़िए गंगाजल लेकर अपने-अपने गृह क्षेत्र के लिए रवाना हो रहे हैं। शंकराचार्य चौक से ठीक आगे गंगनहर पटरी पर पहुंचते ही कांवड़िएं हाईवे से जाने के चक्कर में गंगनहर पटरी पर लगी टीनशेड को उखाड़ फेंक रहे है। हालांकि हाईवे पर मौजूद पुलिसकर्मी उन्हें पटरी से भेजने के लिए मान मनौव्वल में जुटे हुए है, लेकिन कई दफा कांवड़ियों से सख्ती से भी पेश आना पड़ रहा है। बड़ी कांवड़ लेकर रवाना हो रहे कांवड़ियों को देखकर ही अन्य कांवड़िएं भी हाईवे से ही जाने की जिद कर रहे है। जिसको लेकर पुलिसकर्मियों की कांवड़ियों से नोंकझोंक भी हो रही है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि कांवड़ियों को गंगनहर पटरी से ही भेजा जा रहा है, लेकिन कुछ-कुछ जगह पर कांवड़िएं टीनशेड उखाड़कर हाईवे पर आ रहे है। टीनशेड को बार-बार ठीक कराया जा रहा है और पुलिस को मशक्कत करनी पड़ रही है।


## विज्ञप्ति प्रारूप

**कार्यालय - प्रबन्धक/प्रधानाध्यापक जयानन्द भारतीय पूर्व मा0वि0 पंचपुरी (बीरोंखाल) पौड़ी गढ़वाल (उ0ख0) 246275**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विद्यालय जयानन्द भारतीय पूर्व मा0वि0 पंचपुरी की नवीन प्रबन्धक समिति गठन हेतु नवीन प्रशासन योजना के अनुसार प्रबन्धक समिति का गठन होना है विद्यालय आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखण्ड से सम्बन्धित है। इसलिए आवेदक आर्य समाज के नियमों का पालन करने वाला आवश्यक है। जिनकी आयु 21 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो इस विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 15 दिन की समयावधि तक विद्यालय प्रबन्धक समिति की आम सभा की सदस्यता ले सकते है जिसके नियम व शर्ते निम्नवत है।

1- साधारण सदस्य शुल्क 501 (पॉच सौ एक)

2- आजीवन सदस्य शुल्क 5100 (पॉच हजार एक सौ)

3- विशेष आजीवन/संरक्षक/संस्थापक हेतु- 11000 (ग्यारह हजार) की राशि को बैंक ड्राफ्ट जो उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक बैजरो (SBIN0RRUTGB) में देय हो, विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर विद्यालय कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में व्यक्तिगत रूप से जमा कर दें। बैंक ड्राफ्ट के साथ आवेदन पत्र जमा करना अनिवार्य होगा, आवेदन पत्र विद्यालय से प्राप्त कर लें। बिना आवेदन पत्र के बैंक ड्राफ्ट निरस्त कर दिया जाएगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आवेदक की होगी, निर्धारित तिथि के उपरान्त कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

भवदीय

प्रबन्धक


## धनौरी में मगरमच्छ को पकड़कर बाणगंगा में छोड़ा

रुड़की। धनौरी की सड़कों पर घूमने वाले मगरमच्छ को वन विभाग टीम ने पकड़ लिया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली है। शुक्रवार रात के समय मगरमच्छ धनौरी बिजली घर के पास सीसीटीवी कैमरे में नजर आया। जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई थी। वन विभाग की टीम मगरमच्छ को सर्च करने में लगी हुई थी। देर रात धनौरी में एक खाली पड़े घेर में ग्रामीणों ने मगरमच्छ फिर देखा जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को पकड़कर बाणगंगा में छोड़ दिया। मगरमच्छ के पकड़े जाने पर क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली। पिछले शुक्रवार को भी वन विभाग की टीम ने एक मगरमच्छ को पिंजरे में कैद किया था। वन दरोगा नरेंद्र सैनी का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे में जो मगरमच्छ देखा गया था उसको पकड़कर सुरक्षित बाणगंगा में छोड़ दिया गया है।



# संगिनी क्लब ने शिवभक्तों को बांटे फल

रुड़की। बोट क्लब के नजदीक कांवड़ पटरी पर संगिनी क्लब की सदस्यों ने शिवभक्तों को फल, पानी की बोतल वितरित की। क्लब अध्यक्ष कुमुद सिंघल ने बताया कि कांवड़ यात्रा में हर साल क्लब शिवभक्तों के लिए इस तरह के कार्य करता है। क्लब की सदस्य पूजा गुप्ता ने कहा कि समय-समय पर संस्था सेवा कार्य करती रहती है। जिसमें महिला उत्थान, शिक्षा, स्वास्थ्य विशेष है। इस दौरान कोषाध्यक्ष साधना शर्मा, पूजा गुप्ता, रमा, संगीता, ममता, उषा, रोहिणी, आरती, शील गोटी, संगीता आनंद, नीतू, उर्मिला, मंजू आदि शामिल रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत/ग्राप़ंवि.अधि.भैडगांव विकास खंड एकेश्वर पौड़ी गढ़वाल

पत्रांक : मेमो आरजी एस ए/पं भवन/2022-2023 दिनांक- 05-06-2023

**अल्पकालिक निविदा / कोटेशन सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड सरकार की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से शील्ड निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 12-07-2023 से 13-07-2023 तक किसी भी कार्य दिवस 10 बजे पूर्वाहन से 4 बजे शाम तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निर्धारित शुल्क रू0 1000.00+18% GST देकर प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्रों को दिनांक 14-07-2023 को अपराहन 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निविदा बॉक्स में निविदा डाली जा सकती है। निविदा प्रपत्रों को दिनांक 18-07-2023 में अपराहन 3.00 बजे उपस्थित निविदाओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय ग्राम प्रधान/ ग्रा.पं.वि.अधि.भैडगांव में खोलने हेतु गठित समिति के द्वारा खोला जायेगा। निविदा फार्म के साथ रू0 100.00 का स्टाम्प पेपर एवं रू0 1.00 का हस्ताक्षरित रसीदी टिकट तथा स्वीकृत धनराशि का 2% की राशि सी.डी.आर. के रूप में जो की ग्रा.पं.वि.अधि. भैडगांव के नाम बंधक हो को संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति में इसे निरस्त समझा जायेगा।

| कार्य का नाम | कुल स्वीकृत धनराशि रू0 लाख में | आर जी एस से स्वीकृत लाख में | रा0वि/15वॉ वित्त से स्वीकृत | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ग्राम पंचायत भैडगॉव में पंचायत भवन का निर्माण | 12.00 | 10.00 | 2.00 | 06 माह | 15 दिन | डी अथवा उच्चतर |

अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार समक्ष अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

नोट- निविदा प्रपत्र क्रय करते समय ठेकेदारों को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना पड़ेगा।

**ग्राम पंचायत विकास अधिकारी**
**भैडगॉव विकासखण्ड एकेश्वर**
**जनपद पौड़ी गढ़वाल**

# सरकार और विपक्ष दोनों की परेशानी

संसद का मॉनसून सत्र सरकार और विपक्ष दोनों के लिए परेशानी वाला हो सकता है। 20 जुलाई से शुरू हो रहे सत्र में तीन मुख्य मुद्दे हो सकते हैं। पहला मुद्दा तो स्वाभाविक रूप से दिल्ली सरकार को लेकर जारी केंद्र का अध्यादेश का हो सकता है। सरकार इसे कानून बनाने के लिए विधेयक ला सकती है। दूसरा मुद्दा मणिपुर में चल रही अशांति और हिंसा का है। इसके अलावा तीसरा मुद्दा समान नागरिक संहिता का हो सकता है। सरकार इसे लेकर जितनी तेजी से पहल कर रही है उसे देखते हुए लगता है कि इसी सत्र में इसका विधेयक आ सकता है। इन तीनों मुद्दों पर सरकार और विपक्ष दोनों को संतुलन बनाने में दिक्कत होगी।

सबसे पहले नागरिक संहिता की बात करें। अगर यह बिल आता है तो सरकार की पहली कोशिश सहमति बनाने की होगी। लेकिन आम सहमति मुश्किल है और ऐसा कांग्रेस या दूसरी विपक्षी पार्टियों की वजह से नहीं होगा, बल्कि सत्तापक्ष यानी एनडीए के घटक दलों की वजह से होगा। पंजाब में एनडीए की पुरानी सहयोगी अकाली दल ने इसका विरोध किया है। अकाली दल के साथ भाजपा की फिर से बातचीत चल रही है। उसका कहना है कि समान नागरिक संहिता सिखों के हितों को नुकसान पहुंचाएगा। इसी तरह मेघालय में सरकार चला रही भाजपा की सहयोगी एनपीपी ने भी इसका विरोध किया है और इसे पूर्वोत्तर की संस्कृति के खिलाफ बताया है। एनपीपी के साथ साथ पूर्वोत्तर में भाजपा की दूसरी सहयोगी पार्टियां भी इसका विरोध कर सकती हैं।

इसी तरह दिल्ली के अधिकारियों पर नियंत्रण के लिए लाए गए अध्यादेश के मसले पर कांग्रेस पार्टी की दुविधा है। कांग्रेस के लिए आसान नहीं होगा कि वह इस मसले पर आम आदमी पार्टी के साथ खड़ी हो। दूसरी ओर आम आदमी पार्टी सहित तमाम विपक्षी पार्टियां चाहेंगी कि कांग्रेस इस मामले में उनके साथ खड़ी हो और विधेयक का विरोध करे। कांग्रेस अगर खुल कर विरोध नहीं करती है और बिल के खिलाफ वोटिंग नहीं करती है तो विपक्षी गठबंधन को झटका लग सकता है। सो, कांग्रेस को बीच का रास्ता निकालना होगा।

मणिपुर के मसले पर केंद्र सरकार घिरेगी। अगर सत्र से पहले सरकार कुछ कंट्रोल कर लेती है और हिंसा थम जाती है तब तो ठीक है अन्यथा इस मसले पर सरकार को जवाब देना भारी होगा। तभी ऐसा लग रहा है कि सरकार मणिपुर में हिंसा पर नियंत्रण के लिए नई पहल कर रही है। असम के मुख्यमंत्री और पूर्वोत्तर में एनडीए का काम देख रहे हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि सात से 10 दिन में मणिपुर में हिंसा थम जाएगी। अगर 10 दिन में हिंसा थम जाती है तब 20 जुलाई से शुरू हो रहे सत्र में विपक्ष इसका मुद्दा नहीं बना सकेगा। हालांकि तब भी प्रधानमंत्री मोदी के मणिपुर नहीं जाने का मुद्दा होगा लेकिन शांति बहाली के बाद यह मुद्दा भी कमजोर पड़ जाएगा। ध्यान रहे अगले 15 दिन में प्रधानमंत्री मोदी शायद ही मणिपुर जाएं क्योंकि अगर ने मणिपुर गए तो कांग्रेस दावा करेगी कि राहुल गांधी पहले गए इसलिए मोदी भी मणिपुर गए।

# विपक्षी गठबंधन की चुनौतियां

**सोचें, 10 दिन के अंदर ये सारी घटनाएं हुई हैं। इनसे जाहिर होता है कि विपक्षी पार्टियों के सामने कितनी तरह की चुनौतियां हैं। एक तरफ उन्हें भाजपा के ऑपरेशन लोटस से बचना है तो दूसरी ओर केंद्रीय एजेंसियों की जांच का सामना करना है। इसके बाद आपस में तालमेल बनाना है और भाजपा की ओर से तय किए जा रहे एजेंडे का मुकाबला करने के लिए अपना एजेंडा तय करना है। महाराष्ट्र के घटनाक्रम के बाद बिहार और झारखंड में चिंता है। दोनों राज्यों में विपक्ष की पार्टियां निशाने पर हैं। कर्नाटक में जेडीएस के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा है कि उनके राज्य में भी महाराष्ट्र जैसा घटनाक्रम होगा। उन्होंने कहा कि यह देखना दिलचस्प होगा कि कर्नाटक का अजित पवार कौन होता है। इस समय विपक्षी पार्टियों के सामने नंबर एक चुनौती यही है। कैसे अपनी पार्टी को टूटने से बचाएं और एकजुट रह कर मजबूती का अहसास कराएं। विपक्ष को इसकी रणनीति बनानी चाहिए और जहां भी एक दूसरे को मदद करनी चाहिए।**

**अजीत द्विवेदी**

भाजपा को हराने के लिए एक साथ चुनाव लडने़ की तैयारी कर रही पार्टियां अब 17 और 18 जुलाई को बेंगलुरू में मिलेंगी। इसके दो दिन के बाद संसद का मॉनसून सत्र शुरू होगा। सो, एक तरह से विपक्षी पार्टियों की बैठक संसद सत्र की रणनीति बनाने का आभास दे रही है। पहले यह बैठक 12 जुलाई को शिमला में होनी थी। शिमला से बैठक क्यों टली, इस बारे में कुछ नहीं कहा गया है, जबकि पटना में हुई पहली बैठक से पहले कांग्रेस चाहती थी कि पहली बैठक शिमला में हो। पहली बैठक तो नहीं हुई, दूसरी बैठक भी शिमला की बजाय बेंगलुरू में होगी। हो सकता है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े अपनी अध्यक्षता में होने वाली पहली बैठक अपने गृह प्रदेश में चाहते हों, इसलिए बेंगलुरू का चुनाव किया गया हो। यह भी संभव है कि शिमला की चार सीट की बजाय कर्नाटक में 28 लोकसभा की सीटें हैं इसलिए उसे ज्यादा तरजीह दी जाए।

बहरहाल, यह ज्यादा बड़ा मुद्दा नहीं है कि कब और कहां विपक्षी पार्टियों की बैठक होती है। असली सवाल यह है कि बैठक का मुद्दा क्या है? किस एजेंडे पर विपक्षी पार्टियां मिल रही हैं? क्या विपक्षी पार्टियों के नेताओं का कोई ऐसा औपचारिक समूह बना है, जो मुख्य बैठक से पहले आपस में गठबंधन के मुद्दों पर चर्चा करता हो? आमतौर पर किसी भी बड़े कार्यक्रम या बड़े अभियान से पहले ऐसे कई छोटे छोटे समूह बनते हैं, जहां बारीकियों पर चर्चा होती है। पहली बैठक तक तो ठीक था लेकिन दूसरी बैठक भी बिना किसी एजेंडे के नहीं हो सकती है। यह नहीं हो सकता है कि पार्टियों के नेता बैठें, एक–दूसरे का हाल–चाल जानें, शादी वगैरह की बात करें और अगली बार फिर मिलने का वादा करके उठ जाएं। दूसरी बैठक में कुछ ठोस मामले तय होने चाहिए और बैठक के बाद आम लोगों को यह मैसेज जाना चाहिए कि विपक्षी पार्टियां पटना से आगे बढ़ी हैं।



ध्यान रहे पटना में हुई बैठक से पहले भी विपक्षी पार्टियों के सामने कम चुनौतियां नहीं थीं। लेकिन उस बैठक से जो सकारात्मक मैसेज बना उसके बाद चुनौतियां बढ़ गई हैं। ये चुनौतियां कई तरह की हैं। 23 जून की बैठक से लेकर जुलाई के पहले हफ्ते तक के घटनाक्रम पर नजर डालें तो चुनौतियों की तस्वीर साफ होती है। इस दौरान महाराष्ट्र में एनसीपी सुप्रीमो और मराठा क्षत्रप शरद पवार की पार्टी टूट गई। उनके भतीजे अजित पवार एनसीपी के कुछ विधायकों को साथ लेकर भाजपा के साथ चले गए और उप मुख्यमंत्री बन गए। संभावित विपक्षी गठबंधन के एक बड़े दल का इस तरह से टूटना समूचे विपक्ष को प्रभावित करेगा। दूसरी घटना यह हुई कि केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने राजद नेता और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को जमीन के बदले रेलवे में नौकरी दिलाने के कथित घोटाले में आरोपी बना दिया। अपनी दूसरी चार्जशीट में केंद्रीय एजेंसी ने बतौर आरोपी तेजस्वी का नाम शामिल किया। तीसरी घटना यह हुई कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी में जम कर जुबानी जंग हुई। चौथी घटना यह हुई कि राहुल गांधी ने तेलंगाना के खम्मम में रैली की और मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस उनके साथ कभी तालमेल नहीं करेगी। पांचवीं घटना यह हुई कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हैदराबाद जाकर चंद्रशेखर राव से मुलाकात की। छठी घटना यह है कि अध्यादेश के मसले पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच लड़ाई तेज हो गई है और सातवीं व सबसे अहम घटना यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समान नागरिक संहिता की खुल कर वकालत की है।

सोचें, 10 दिन के अंदर ये सारी घटनाएं हुई हैं। इनसे जाहिर होता है कि विपक्षी पार्टियों के सामने कितनी तरह की चुनौतियां हैं।

एक तरफ उन्हें भाजपा के ऑपरेशन लोटस से बचना है तो दूसरी ओर केंद्रीय एजेंसियों की जांच का सामना करना है। इसके बाद आपस में तालमेल बनाना है और भाजपा की ओर से तय किए जा रहे एजेंडे का मुकाबला करने के लिए अपना एजेंडा तय करना है। महाराष्ट्र के घटनाक्रम के बाद बिहार और झारखंड में चिंता है। दोनों राज्यों में विपक्ष की पार्टियां निशाने पर हैं। कर्नाटक में जेडीएस के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा है कि उनके राज्य में भी महाराष्ट्र जैसा घटनाक्रम होगा। उन्होंने कहा कि यह देखना दिलचस्प होगा कि कर्नाटक का अजित पवार कौन होता है। इस समय विपक्षी पार्टियों के सामने नंबर एक चुनौती यही है। कैसे अपनी पार्टी को टूटने से बचाएं और एकजुट रह कर मजबूती का अहसास कराएं। विपक्ष को इसकी रणनीति बनानी चाहिए और जहां भी एक दूसरे को मदद करनी चाहिए।

विपक्ष की सारी पार्टियों को साथ लाने की चुनौती का जहां तक सवाल है तो ऐसा लग रहा है कि तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, भारत राष्ट्र समिति और आम आदमी पार्टी के साथ कांग्रेस और अन्य पार्टियों का तालमेल मुश्किल होगा। इसे तीसरे मोर्चे की संभावना के दौरे पर देखें तो यह एक बड़ी चुनौती होगी। हालांकि विपक्ष के लिए अच्छी बात यह होगी कि आम आदमी पार्टी को छोड़ कर बाकी पार्टियां सिर्फ अपने असर वाले राज्यों में ही लड़ेंगी। विपक्ष के मुख्य मोर्चे से इनका आमना–सामना नहीं होगा। इसलिए इन पर माथापच्ची करने से पहले उन पार्टियों के बीच तालमेल होना चाहिए, जिनके बीच पहले से गठबंधन है। जो आपस में मिल कर लडऩे में सहज हैं और जिनके बीच सीटों के बंटवारे में ज्यादा दिक्कत नहीं आनी है। जो पार्टियां पिछले चुनावों में साथ मिल कर लड़ीं है उनको अपना गठबंधन बना लेना चाहिए क्योंकि उनको सीट बंटवारे का कोई नया फॉर्मूला तय नहीं करना है। उसके बाद दूसरी पार्टियों से बात करनी चाहिए। उनसे अगर बात हो भी जाती है तो सीट बंटवारे के फॉर्मूले पर दिक्कत आएगी। यह सवाल उठेगा कि पिछले लोकसभा चुनाव के वोट प्रतिशत के आधार पर सीट बंटवारा हो या राज्यों के विधानसभा चुनावों के वोट प्रतिशत के आधार पर तालमेल हो?विपक्षी पार्टियां अगर सिर्फ अंकगणित के चक्कर में उलझती हैं तो ज्यादा फायदा नहीं होगा। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को 37.6 फीसदी वोट मिले थे और पटना में जो 15 पार्टियां इकट्ठा हुई थीं उन सबको मिला कर 37.3 फीसदी वोट थे। यानी भाजपा बनाम 15 पार्टियों के वोट में भी 0.3 फीसदी वोट से भाजपा आगे है। पिछले लोकसभा चुनाव में 226 सीटें ऐसी थीं, जिन पर भाजपा एक लाख से ज्यादा वोट के अंतर से जीती थी। इसलिए अगर नंबर्स के हिसाब से देखें तो भाजपा का पलड़ा अब भी भारी है। इसका कारण यह है कि 15 विपक्षी पार्टियों में से ज्यादातर ने अलग अलग चुनाव लड़ा था। अलग अलग चुनाव लड़ कर उनके जितने वोट मिले हैं एक साथ लड़ कर वे उतने वोट ले पाएंगे इसमें संदेह है। एक साथ लडऩे पर उनका साझा वोट कम हो सकता है तो दूसरी ओर ध्रुवीकरण की स्थिति में भाजपा का वोट बढ़ भी सकता है। हालांकि भाजपा के खिलाफ डबल, ट्रिपल इंजन की सरकार और 10 साल शासन की एंटी इन्कम्बैंसी भी है और हो सकता है कि सत्ता विरोधी वोट विपक्षी गठबंधन की ओर जाए।

# बारिश के मौसम में इस तरह से रखें अपने आप को स्टाइलिश



मानसून ने एक साथ पूरे देश में प्रवेश कर लिया है। बारिश के आने से जहाँ प्रकृति अपने प्राकृत रंगों में नजर आने लगती है, वहीं मनुष्य का मन भी हिलोरें लेने लगता है। आकाश में छाये बादलों को देखते ही कानों में सुनाई देता है चलो कहीं घूमने चलते हैं। मौसम सुहाना है। जैसे ही कहीं घूमने चलने का ख्याल आता है वैसे ही नवयुवतियों और 35–40 की उम्र की महिलाओं के मन में ख्याल आने लगता है कि क्या पहना जाए, जिसमें इस मौसम में स्वयं को फैशनेबल और ट्रेंडी रख सकें। मानसून में समझ नहीं आता कि ऐसा क्या पहना जाए जो इस मौसम के लिहाज से आरामदायक हो। आज हम अपने पाठकों को कुछ ऐसे ट्रेंडी फैशन टिप्स बताने जा रहे हैं जो इस मौसम में आपको स्टाइलिश रखने में मदद कर सकते हैं।

**कैसे करें कपड़ों का चुनाव**

बरसात के मौसम में ऐसे कपड़ों का चुनाव करना चाहिए जिन्हें पहनकर अगर आप भीग भी जाएं तो कोई परेशानी न हो क्योंकि ऑफिस जैसी जगह पर जहां आपको लंबे समय तक बैठना पड़ता है तो कपड़े जल्दी सूख जाएं तो अच्छा होगा। इस मौसम में कॉटन के कपड़ों का चुनाव करने से बचना चाहिए क्योंकि ये सूखने में ज्यादा समय लेते हैं। हमारी सलाह है कि इस मौसम में डेनिम के बजाय स्कर्ट या फिर कैप्री ट्राय कर सकती है। साथ ही शाट्र्स, वनपीस ड्रेस या शाट्र्स पैंट भी पहन सकती है। बारिश के समय कलरफुल कपड़ों को ज्यादा पहनना चाहिए क्योंकि हल्के रंग के कपड़ों पर कीचड़ और गंदे पानी के धब्बे ज्यादा नजर आते हैं। इस मौसम में जैकेट्स या हुडी को भी पहन सकते हैं। साथ ही कपड़ों के फैब्रिक का भी ध्यान रखना चाहिए क्योंकि गीले कपड़े से त्वचा पर फंगल का होने का खतरा रहता है।

**आरामदायक रहेंगी शार्ट ड्रेसेस**

मानसून के दौरान शॉर्ट्स, शॉर्ट स्कर्ट और शॉर्ट ड्रेस पहनना लड़कियों के लिए काफी आरामदायक हो सकता है। वैसे ग्रे रंग की पेंसिल स्कर्ट के साथ सफेद रंग की शर्ट को टिमअप करना अच्छा विचार हो सकता है। बारिश में शॉर्ट्स, मिनी स्कर्ट और पेंसिल स्कर्ट आदि तो हमेशा चलन में रहते ही हैं ,लेकिन इन दिनों लड़कियों के फैशन ट्रेड की बात करें तो ट्रेंचकोट एक अच्छा विकल्प हो सकता है। फ्लोरल प्रिंट बरसात के दिनों में जैसे पेड़ पौधे और हरियाली नजर आती है हमें देखने में कितना अच्छा लगता है। ठीक उसी तरह से अगर हम फ्लोरल प्रिंट कपड़े पहनते हैं, तो यह बारिश में बहुत अच्छे लगते हैं और हमारे लुक को काफी इनहांस करते हैं। ऐसे में आप फ्लोरल प्रिंट साड़ी, सूट, कुर्ते, शर्ट आदि पहन सकते हैं।

**वाइब्रेंट कलर चुनें**

अक्सर लोग चटकीले कलर पहनने से बचते हैं। लेकिन अगर आप मानसून में वाइब्रेंट कलर जैसे रेड, येलो, ग्रीन पहनते हैं तो यह आपके ऊपर बहुत अच्छे लगते हैं। बारिश के मौसम में यह कलर खूब पसंद किए जाते हैं।

**स्किन टाइट कपड़े पहनने से बचें**

बारिश में हमें बॉडी हगिंग या स्किन टाइट कपड़े पहनने से बचना चाहिए, क्योंकि पानी लगने से यह कपड़े तुरंत ही ट्रांसपेरेंट हो जाते हैं और शरीर के अंग इसमें दिखने लगते हैं। ऐसे में आप हमेशा लूज फिटिंग के कपड़े पहनें।

**छतरी और रेनकोट से भी लगे फैशनेबल**

बारिश के दिनों में बाहर निकलते समय छतरी या रेनकोट तो हमारी जरूरत का ही एक हिस्सा है। क्यों न इस जरूरत को ही हम चलन में बदल दें। इससे हमारा मतलब है कि आजकल फ्लोरल प्रिंट की ट्रांस्पेरेंट छतरी काफी चलन में हैं जिनके आप ऑरेंज, ऑलिव ग्रीन जैसे रंगों को कंट्रास्ट रंग की ड्रेसेज के साथ ट्राई कर सकते हैं। इस तरह की छतरी भी आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में काफी मदद कर सकती है। वाटरप्रूफ मेकअप का करे इस्तेमाल बारिश के मौसम में जहां आप अपने कपड़ों का ख्याल रख रही हैं, वहीं दूसरी और आपको अपने लुक को और बेहतर बनाने के लिए वाटर प्रूफ मेकअप का भी चुनाव करना होगा।

# इजराइल के जेनिन में सैनिक आपरेशन

**श्रुति व्यास**

इजराइली सुरक्षा बलों ने वेस्ट बैंक के जेनिन शहर में रीफ्यूजी–कैंप पर अब तक के सबसे बड़े हमलों में से एक किया है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक हमले में आठ फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं, दर्जनों घायल हैं और हजारों लोग शिविर छोडक़र जा रहे हैं। यह सन् 2002 के बाद से इजराइल की सेना का वेस्ट बैंक के किसी फिलीस्तिनी शहर पर सबसे बड़ा हमला है। जेनिन के घुटन–भरे और झुग्गी–नुमा शरणार्थी शिविर में सोमवार सुबह से भीषण लड़ाई तब शुरू हुई जब इजराइली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने आपरेशन होम एंड गार्डन प्रारंभ किया। इस ताजा अभियान का मकसद है उग्रवादियों का सफाया और हथियारों व गोलाबारूद के वर्कशॉपों को नष्ट करना। स्थानीय मीडिया के मुताबिक इजरायली अधिकारियों ने कहा है कि यह अभियान 48 घंटे से भी कम समय में पूरा हो जाएगा।



जेनिन शरणार्थी शिविर फिलिस्तीन के सबसे पुराने शिविरों में से एक है। आधे वर्ग किलोमीटर से भी कम जगह के इस शिविर में करीब 18,000 लोग रहते हैं। यहां वे फिलिस्तीनी बसे हुए हैं जिन्हें इजराइल के अस्तित्व में आने के बाद देश से निकाल दिया गया था। यह फिलिस्तीन की धरती पर पिछले 55 साल से जारी इजरायली कब्जे की खिलाफत का केन्द्र रहा है। यह इलाका गरीबी, अपराध और बेरोजगारी सहित कई समस्याओं से जूझ रहा है और और यहां की संकरी गलियों में इजरायली सेना और फिलीस्तिनी उग्रवादियों के बीच गोलबारी की घटनाएं आम हैं।

जेनिन न केवल इजरायल की सेना के वेस्ट बैंक पर कब्जे के खिलाफ सन् 1967 से जारी फिलिस्तीनी प्रतिरोध के लिए जाना जाता है बल्कि यह फिलिस्तीन के 87 वर्षीय राष्ट्रपति महमूद अब्बास के भ्रष्ट एवं जिद्दी शासन के नतीजों का नमूना भी है। महमूद को इजराइल के प्यादे के रूप में देखा जाता है। इस बात की बहुत कम सम्भावना है कि निकट भविष्य में फिलिस्तीन के सुरक्षा बल जेनिन पर फिर से अपना वर्चस्व स्थापित कर पाएंगे।

पिछले दो सालों में जेनिन में हिंसा में जबरदस्त बढ़ोत्तरी हुई है। यह इजराइल और फिलिस्तीन दोनों के सुरक्षा बालों के लिए समस्या बन गया है। रमल्ला स्थित फिलिस्तीन सुरक्षा बलों की जगह यहाँ जेनिन ब्रिगेड्स नाम के एक हथियारबंद समूह का बोलबाला है। ब्रिगेड्स में अलग–अलग फिलिस्तीनी गुटों से जुड़े युवक तो हैं ही, ऐसे भी हैं जो किसी गुट से जुड़े हुए नहीं हैं। आईडीएफ के अनुसार, पिछले दो सालों में इजराइली नागरिकों पर गोली चलाने की 50 घटनाओं में जेनिन के रहवासी शामिल थे और कम से कम 19 संदेही वहां पनाह लिए हुए हैं।

सन 2022 के वसंत में जेनिन में रह रहे उग्रवादियों ने कई आतंकी हमले अंजाम दिए थे जिनमें से एक में तेल अवीव को निशाना बनाया गया था। तेल अवीव के एक ऐसे इलाके, जो अपनी नाईट लाइफ के लिए जाना जाता है, में हुई गोलीबारी में तीन इजराइली मारे गए थे। इससे इजराइल सकते में आ गया। तभी से जेनिन उसके निशाने पर है। इजराइली सुरक्षा बल तब से ही जेनिन में समय–समय पर छापे मार कर ब्रिगेड्स के प्रमुख सदस्यों का सफाया करने या उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश करते रहा हैं। परन्तु जैसा कि इजराइल के एक बड़े अफसर ने हाल में कहा, "उनका पूरी तरह सफाया करना इसलिए मुश्किल है क्योंकि वे किसी स्थापित नेटवर्क या संगठन के सदस्य नहीं हैं।" सन 2023 में अब तक यहाँ 133 फिलिस्तीनी और 24 इजराइली मारे जा चुके हैं। सन 2005 के बाद से वेस्ट बैंक और इजराइल में इस पैमाने पर खून–खराबा पहली बार हो रहा है।

सेना पर हिंसात्मक तरीके अपनाने का दबाव है। यह दबाव वेस्ट बैंक में रहने वाले यहूदियों और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की दक्षिणपंथी कैबिनेट में उनके प्रभावशाली आकाओं की ओर से डाला जा रहा है। जून की 20 तारीख को वेस्ट बैंक में एक और जगह पर चार यहूदियों को गोलियों से छलनी कर दिया गया था। हमलावर जेनिन से नहीं थे परन्तु नेशनल सिक्यूरिटी मंत्री इतेमार बेन गुवयर ने मांग की कि "सेना को वहां इमारतों को ज़मींदोज़ कर देना चाहिए और आतंकियों का सफाया कर देना चाहिए झ्र एक या दो नहीं बल्कि सैकड़ों या अगर ज़रूरी हो तो हजारों का।" इजराइल की सेना ने सन 2000 के दशक में भी जेनिन में ऐसा ही एक अभियान चलाया था जिसमें बड़ी संख्या में लोग मारे गए थे और भारी बर्बादी हुई थी। पर इस बार सेना वहां से जल्दी से जल्दी रवानगी चाहती हैं क्योंकि उनके पास बेहतर इंटेलिजेंस है और वह हवा से निगरानी करने में सक्षम है। शायद इसलिए इस बार उतने बड़े बड़े पैमाने पर तबाही और बर्बादी नहीं होगी।अब तक वेस्ट बैंक में हिंसा केवल जेनिन तक सीमित है और खूनखराबा, जंग में तब्दील नहीं हुआ है। परन्तु फिलिस्तीनियों का मानना है कि नेतन्याहू की अति–दक्षिणपंथी सरकार के आदेश पर इजराइल की सेना जेनिन में लड़ाकू हेलीकाप्टरों और ड्रोनों सहित घातक हथियारों का इस्तेमाल कर रही है। और जेनिन में बेचैनी, गुस्सा और असंतोष बढ़ता जा रहा है।

**सन 2022 के वसंत में जेनिन में रह रहे उग्रवादियों ने कई आतंकी हमले अंजाम दिए थे जिनमें से एक में तेल अवीव को निशाना बनाया गया था। तेल अवीव के एक ऐसे इलाके, जो अपनी नाईट लाइफ के लिए जाना जाता है, में हुई गोलीबारी में तीन इजराइली मारे गए थे। इससे इजराइल सकते में आ गया। तभी से जेनिन उसके निशाने पर है। इजराइली सुरक्षा बल तब से ही जेनिन में समय–समय पर छापे मार कर ब्रिगेड्स के प्रमुख सदस्यों का सफाया करने या उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश करते रहा हैं। परन्तु जैसा कि इजराइल के एक बड़े अफसर ने हाल में कहा, "उनका पूरी तरह सफाया करना इसलिए मुश्किल है क्योंकि वे किसी स्थापित नेटवर्क या संगठन के सदस्य नहीं हैं।" सन 2023 में अब तक यहाँ 133 फिलिस्तीनी और 24 इजराइली मारे जा चुके हैं। सन 2005 के बाद से वेस्ट बैंक और इजराइल में इस पैमाने पर खून–खराबा पहली बार हो रहा है।सेना पर हिंसात्मक तरीके अपनाने का दबाव है। यह दबाव वेस्ट बैंक में रहने वाले यहूदियों और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की दक्षिणपंथी कैबिनेट में उनके प्रभावशाली आकाओं की ओर से डाला जा रहा है। जून की 20 तारीख को वेस्ट बैंक में एक और जगह पर चार यहूदियों को गोलियों से छलनी कर दिया गया था।**

# राजनीतिक परिवार की कलह

संपत्ति बंटवारे या समान व्यवहार ना होने की शिकायत पर परिवारों में कलह आम बात है। जो परिवार राजनीति में हैं, उनका इससे हमेशा बचे रहना लगभग असंभव है। लेकिन हैरतअंगेज यह है कि फिर भी लोग कलह की ऐसी कहानियों से उब्रते नहीं हैं।

कहानी पुरानी है, लेकिन सार वही है। 1980–81 में इंदिरा गांधी के परिवार से मेनका गांधी की बगावत से लेकर शरद पवार के परिवार में कलह के बीच ऐसे इतने नाम हैं कि इन पर पूरी किताब लिखी जा सकती है। इसमें करुणानिधि, एमजी रामचंद्रन, एनटी रामाराव, वाईएस राजशेखर रेड्डी, बाल ठाकरे, लालू प्रसाद यादव, मुलायम सिंह यादव आदि तक के नाम आते हैं। वे राजनीतिक परिवार हैं, जो कभी ना कभी अंदरूनी कलह का शिकार हुए। वैसे तो भारतीय राजनीति में परिवारों के दबदबे की कहानी पूरे देश में फैली हुई है। संपत्ति बंटवारे या समान व्यवहार ना होने की शिकायत पर आम परिवारों में कलह आम बात है। जो परिवार राजनीति में हैं, उनका इससे हमेशा बचे रहना लगभग असंभव है। लेकिन हैरतअंगेज यह है कि ऐसी कलह की कहानियां चारों तरफ फैले रहने के बावजूद लोग इनसे उब्रते नहीं हैं। कलह में जिसकी जीत हो जाती है, पार्टी कार्यकर्ता और मतदाता उसे उस परिवार का वारिस मान कर उसके पीछे चल देते हैं।

इसे लोकतंत्र का अनिवार्य हिस्सा मान लिया गया है। यह सवाल नहीं पूछा जाता कि किसी नेता ने अपनी पार्टी को अपने परिजनों और रिश्तेदारों से इस तरह क्यों भरा, जिससे उसकी पारिवारिक कलह राजनीति के दायरे तक फैल जाए? लेकिन अब इस और ऐसे सवालों पर व्यापक चर्चा की जरूरत है। यह तो साफ है कि पवार परिवार में जो हो रहा है और अतीत में अन्य राजनीतिक परिवारों में जो इस तरह की घटनाएं हुई हैं, वे किसी रूप में 'लोकतंत्र' नहीं हैं। इसलिए कि ऐसे घटनाक्रमों में ना तो लोक के लिए कोई स्थान होता है और ना ही इनका लोक कल्याण से कोई संबंध है। ऐसे नाटक असल में लोकतंत्र का परिहास हैं। जब तक ऐसे परिहासों को लोकतंत्र समझा जाता रहेगा, तब तक व्यक्ति और परिवार केंद्रित ऐसी सियासत प्रचलन में रहेगी, जिस पर धनी और प्रभुत्वशाली तबकों का शिकंजा रहेगा। आखिर ऐसे तबके ही पारिवारिक कलह में विजयी नेता को चुनावी संसाधन उपलब्ध करवाते हैं और उनका मीडिया उनकी मसीहाई छवि बनाता है। पवार परिवार की कलह का भी यही निहितार्थ है।

## पुलिस ने सात गैंगस्टर्स पर कसा शिकंजा, 20 करोड़ की संपत्ति होगी कुर्क

**ग्रेटर नोएडा(एजेंसी)।** पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर ने सात गैंगस्टर्स पर शिकंजा कस दिया है। इन गैंगस्टर्स की करीब 20 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की जाएगी। इसके लिए उनकी संपत्ति चिह्नित हो चुकी है। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट ने नौ बदमाशों को जिला बदर किया है। जानकारी के अनुसार अमित कसाना पुत्र सतवीर निवासी ग्राम रिस्तल; मोहित कुमार गोयल पुत्र राजेश कुमार गोयल निवासी गोल्फ स्टेट सेक्टर 65, गुरुग्राम, हरियाणा; अनिल राणा पुत्र गिरीराज निवासी अलावा रहीमपुर थाना औरंगाबाद, जिला बुलन्दशहर (वर्तमान निवासी सेक्टर 11, फरीदाबाद, हरियाणा); दीपक कुमार पुत्र दिनेश प्रसाद सिंह निवासी भाभानगर भगवानपुर, थाना सदर, जनपद मुजफ्फरपुर, बिहार (वर्तमान निवासी गौतमबुद्धनगर); वसीम पुत्र सलीम निवासी गाजियाबाद; आबिद उर्फ बिल्लौरी पुत्र यामीन निवासी गाजियाबाद; और उमेश गुप्ता पुत्र बद्री प्रसाद गुप्ता निवासी ज्योति नगर दिल्ली (मूल निवासी भागलपुर, बिहार) की संपत्ति कुर्क की जानी है। कुल चल-अचल सम्पत्ति करीब 20,01,92,520 रुपये को कुर्क करने के आदेश पारित किये गये हैं।पुलिस आयुक्त न्यायालय गौतमबुद्धनगर ने गुण्डा एक्ट के अंतर्गत नौ अभियुक्तों झ नवीन बिस्वास पुत्र मिहिर लाल निवासी सदरपुर, नोएडा; हरिओम पुत्र राजराम निवासी ग्राम बिसाहडा, जारचा; राहुल पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम सलेमपुर गुर्जर, कासना; राहुल पुत्र राजपाल निवासी जारचा; हासिम पुत्र मुन्ना निवासी बिलासपुर, दनकौर; प्रताप उर्फ छोटू पुत्र रमेश निवासी सीदीपुर, जारचा; राजेश पुत्र भीम निवासी दादरी; योगेश पुत्र नेपाल निवासी दनकौर; और अभिषेक पुत्र राकेश निवासी छपरौला, बादलपुर को कमिश्नरेट की सीमा से जिला बदर किया है।

## उदयपुर जिले में तम्बाकू मुक्त ग्राम पंचायत के प्रस्ताव पारित किए

**उदयपुर(एजेंसी)।** राज्य में निरोगी राजस्थान अभियान के अंतर्गत संचालित टोबेको फ्री युथ केम्पेन के तहत सम्पूर्ण जिले में तम्बाकू के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर बामनिया ने बताया कि सभी खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया था कि ग्राम स्तरीय जन सुनवाई में सभी ग्राम स्तरीय अधिकारी और कार्मिक उपस्थित होंगे, उनकी उपस्थिति में तम्बाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य पर दुष्प्रभावों की जानकारी साझा की जाए, इसी निर्देशन के तहत कई ग्राम सभा में तम्बाकू मुक्त ग्राम पंचायत हेतु प्रस्ताव पारित किये गए।

## लुधियाना पुलिस ने 12 घंटे में सुलझाया ट्रिपल मर्डर केस

**लुधियाना(एजेंसी)।** पंजाब के लुधियाना जिले की पुलिस ने 12 घंटे में ट्रिपल मर्डर केस सुलझा लिया है। यह जानकारी पंजाब डीजीपी गौरव यादव ने ट्वीट करके दी। उन्होंने लिखा कि पुलिस ने 3 हत्याएं करने वालों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारों ने सबूत मिटाने की भी कोशिश की और शवों को जलाने का भी प्रयास किया है। मृतकों में बुजुर्ग चमन लाल, सुरिंदर कौर और बचन कौर शामिल है। कातिल कोई बाहरी नहीं मृतकों का पड़ोसी ही है।

हत्यारों ने तीनों हत्याओं को हादसा दिखाने की कोशिश भी की थी। जिनके बारे पुलिस आज खुलासा करेगी। हत्यारों के साथ मरने वालों की कुछ दिन पहले किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसी रंजिश में पड़ोसियों ने घर में घुस कर उनकी हत्या कर दी।

# ट्रेनों के एसी चेयर कार और एक्जीक्यूटिव क्लास का किराया 25% घटेगा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** रेलवे बोर्ड ने वंदे भारत समेत ट्रेनों के एसी चेयर कार और एग्जीक्यूटिव क्लास में सफर करने वालों को बड़ी राहत देने की बात कही है। बोर्ड ने कहा है कि वंदे भारत सहित सभी ट्रेनों के एसी चेयर कार और एग्जीक्यूटिव क्लास के किराए में 25 प्रतिशत तक की कटौती की जाएगी। रेलवे बोर्ड ने जोनों से उन ट्रेनों में रियायती किराया योजना शुरू करने को कहा है जिनमें पिछले 30 दिनों में यात्रियों की संख्या 50 प्रतिशत से कम रही है।

रेलवे बोर्ड ने एक आदेश में कहा है कि वंदे भारत, अनुभूति व विस्टाडोम बोगियों वाली सभी



ट्रेन में एसी चेयर कार और एग्जीक्यूटिव श्रेणी के किराये में यात्रियों की संख्या के आधार पर 25 फीसदी तक की कटौती की जाएगी। आदेश के अनुसार, किराये में रियायत परिवहन के प्रतिस्पर्धी माध्यमों के किराये पर भी निर्भर करेगी।

रेल सेवाओं के अधिकतम इस्तेमाल को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय ने रेलवे के अलग-अलग मंडलों के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधकों को एसी सीट वाली ट्रेन के किराये में रियायत देने की शक्तियां प्रदान करने का फैसला किया है। रेलवे बोर्ड के आदेश में कहा गया है, ''अनुभूति और विस्टाडोम बोगियों समेत एसी सीट वाली सभी ट्रेन की एसी चेयर कार और एग्जीक्यूटिव श्रेणी में कटौती की यह योजना लागू होगी।''

रेलवे बोर्ड के आदेश में कहा गया है कि मूल किराये पर मिलने वाली रियायत अधिकतम 25 प्रतिशत तक हो सकती है। आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट सरचार्ज, जीएसटी जैसे अन्य शुल्क अलग से लिए जा सकते हैं। यात्रियों की संख्या के आधार पर किसी भी श्रेणी या सभी श्रेणियों में रियायत दी जा सकती है।

## आरटीआई का जवाब पाने को जमा कराए 1.49 लाख, विभाग ने कहा- 74,500 पन्नों वाले दस्तावेज खुद ढोकर ले जाओ

**रांची(एजेंसी)।** झारखंड के रामगढ़ जिले में राइट टू इन्फॉर्मेशन के तहत एक सरकारी कार्यालय से मांगी गई सूचना के जवाब को लेकर अजीबो-गरीब स्थिति पैदा हो गई है। आवेदक ने जो सूचना मांगी थी, उसका जवाब और उससे जुड़े दस्तावेज पाने के लिए उसने सरकार के खाते में 1 लाख 49 हजार की रकम जमा कराई। लेकिन, सरकारी कार्यालय ने बोरियों में बांधकर रखे गए 74 हजार 500 पन्नों वाले ये दस्तावेज उसके घर तक पहुंचाने से इनकार कर दिया है।

# बारिश फिर बनी बाधाः जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद,

**जम्मू ,(एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में हो रही भारी बारिश के कारण भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से अमरनाथ यात्रा के नए जत्थे को अनुमति नहीं दी गई। अधिकारी ने यह जानकारी दी हैं।

उन्होंने बताया कि इस बीच, बारिश के कारण हुए भूस्खलन होने से रामबन जिले में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया हैं। अधिकारी ने बताया, भारी बारिश और कश्मीर घाटी में मौसम की खराब स्थिति के कारण शनिवार सुबह जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से पवित्र गुफा के लिए कोई जत्था रवाना नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि खराब मौसम के कारण श्रीनगर से बालटाल और पहलगाम मार्गों के लिए यात्रा पहले ही शुक्रवार को निलंबित कर दी गई थी और बालटाल तथा पहलगाम आधार शिविरों में तीर्थयात्रियों की भीड़ को रोकने के लिए आज सुबह जम्मू से कोई भी जत्था रवाना नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि आज सुबह भारी बारिश के कारण रामबन में भूस्खलन भी हुआ, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग को बंद करना पड़ा है।

## गुजरात राज्यसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस ने मानी हार, कहा- हमारे पास पर्याप्त नंबर नहीं

**अहमदाबाद, एजेंसी।** 2023 गुजरात के आगामी राज्यसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस ने अपनी हार मान ली है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी गुजरात में तीन सीटों के लिए कोई उम्मीदवार नहीं उतारेगी। यह निर्णय 182 सदस्यीय राज्य विधानसभा में पार्टी के अपर्याप्त प्रतिनिधित्व के कारण लिया गया है।गुजरात कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता मनीष दोशी ने पार्टी के फैसले की पुष्टि करते हुए कहा, चूंकि हमारी पार्टी के पास 182 सदस्यीय विधानसभा में आवश्यक ताकत नहीं है, इसलिए हमने राज्य में आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए उम्मीदवार नहीं उतारने का फैसला किया है।

पिछले साल, भाजपा ने विधानसभा चुनावों में रिकॉर्ड 156 सीटें हासिल कीं, जबकि कांग्रेस ने राज्य के गठन के बाद से अपना सबसे कमजोर प्रदर्शन करते हुए केवल 17 सीटें हासिल कीं। फिलहाल, बीजेपी ने अपने उम्मीदवारों की सूची का खुलासा नहीं किया है।

बता दें कि चुनाव आयोग ने 24 जुलाई को मतदान निर्धारित किया है, जबकि नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 17 जुलाई निर्धारित की गई है। वर्तमान में, गुजरात की 11 राज्यसभा सीटों में से आठ पर भाजपा का कब्जा है। बाकी तीन पर कांग्रेस का कब्जा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर, जुगलजी ठाकोर और दिनेश अनावादिया की सीटों पर चुनाव लड़ा जाना है, क्योंकि उनका कार्यकाल 18 अगस्त को समाप्त हो रहा है। माना जा रहा है कि भाजपा एक सीट पर जयशंकर को ही दोबारा खड़ा करेगी।

## कर्नाटक में लापता जैन संत की हत्या, पुलिस ने शव की तलाश शुरू की

**बेलगावी(एजेंसी)।** कर्नाटक में लापता हुए एक जैन धर्मगुरु की हत्या कर दी गई है। पुलिस हिरासत में लिए गए दो आरोपियों ने बेलगावी जिले में उनकी हत्या करने की बात कबूल कर ली है, सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, चिक्कोडी के आचार्य श्री 108वें कामकिमारा नंदी महाराज होरेकोडी में नंदी पर्वत पर जैन बसादी से लापता हो गए थे। फिलहाल शव को बरामद करने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

संत के लापता होने की सूचना मिलने के बाद पता चला है कि जैन बसादी से संबंधित संपत्ति के दस्तावेज भी गायब हैं। आश्रमवासियों ने उन्हें आखिरी 5 जुलाई को बार रात करीब 10 बजे देखा था।

# चीन मुझसे संपर्क करना चाहता है, तिब्बत की समस्याओं पर वार्ता के लिए मैं भी तैयारः दलाईलामा

**शिमला , एजेंसी।** बौद्ध धर्मगुरु दलाईलामा ने कहा कि तिब्बत की समस्याओं को लेकर वे खुले तौर पर चीन के साथ बातचीत करने को तैयार हैं। चीन ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की है। धर्मगुरु ने कहा कि अब चीन को तिब्बत के लोगों के साहस का एहसास हो गया है। इसलिए तिब्बत की समस्याओं का समाधान करने के लिए चीन के नेता मुझसे संपर्क साध रहे हैं। दिल्ली-लद्दाख जाने से पहले दलाईलामा ने धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत की।

पत्रकारों के सवालों का जबाव देते हुए दलाईलामा ने कहा कि तिब्बत कई सालों से चीन के अधीन है। हम पूरी तरह से आजादी चाहते हैं। चीन ने तिब्बत के प्रति दमनकारी नीतियां अपनाई हैं। लेकिन अब चीन



अपनी इस गलती को सुधारना चाहता है। चीन अब बदल रहा है। दलाईलामा ने कहा कि चीन के प्रति मुझे गुस्सा नहीं है और न ही उन नेताओं से जिन्होंने तिब्बत के प्रति दमनकारी रवैया अपनाया। चीन ऐतिहासिक तौर पर एक बौद्ध देश है।

वहां मौजूद बौद्ध मठ और मंदिर इस बात का प्रमाण हैं। मैंने उन मठों और मंदिरों का भ्रमण भी किया है। दलाईलामा ने कहा कि तिब्बत की संस्कृति और धर्म के ज्ञान से पूरे विश्व का कल्याण होगा। मैं अन्य धर्मां और उनकी परंपराओं का भी सम्मान करता हूं। मैं विश्व भर के अपने सभी अनुयायियों को प्यार और करुणा का प्रसार करने का संदेश देता हूं। दलाईलामा ने कहा कि मुझे लगता है मैं 100 वर्ष से ज्यादा जीवन व्यतीत करूंगा। आप लंबी आयु के लिए प्रार्थना करें।

## चाकू मारकर 16 साल के लडक़े को उतारा मौत के घाट

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली के बवाना इलाके में झगड़े के बाद तीन नाबालिगों ने 16 साल के एक लडक़े की चाकू मारकर हत्या कर दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे बवाना अस्पताल से एक डेड बॉडी लाये जाने की सूचना मिली।पुलिस अधिकारी ने कहा, एक पुलिस अधिकारी अस्पताल पहुंचा जहां पता चला कि बवाना में जेजे क्लस्टर के निवासी एक नाबालिग को उसके रिश्तेदार ने भर्ती कराया है। बॉडी पर दो चोटें पीठ और पेट पर जख्म पाया गया। घटना बवाना के झंडा चौक इलाके की हैअधिकारी ने कहा, अपराध टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए गए। प्रारंभिक जांच के दौरान, यह पता चला कि नाबालिग को उसी इलाके के एक अन्य निवासी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर पीटा और चाकू मारा।

## केन्द्रीय मंत्री तोमर ने राष्ट्रीय हिन्दी मेल के दिल्ली संस्करण का किया लोकार्पण

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय हिन्दी मेल समाचार पत्र का नई दिल्ली से 'राष्ट्रीय संस्करण' का लोकार्पण किया।

इस मौके पर राष्ट्रीय हिन्दी मेल के संस्थापक विजय सिंह दास , मुख्य अतिथि श्री तोमर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, एम पी के कृषि मंत्री कमल पटेल, मुख्य वक्ता एवम राज्य सभा सांसद विवेक तंखा, अध्यक्षीय वक्ता डा. चरणदास महंत, प्रमुख वक्ता राहुल देव सहित अन्य वरिष्ठ पत्रकार सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में सन् 1996 में राष्ट्रीय हिन्दी मेल समाचार पत्र की शुरुआत हुई।

# भारतीय तटरक्षक के बेड़े में शामिल होंगे 2 आधुनिक डोर्नियर विमान

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** रक्षा मंत्रालय ने 7 जुलाई को डोर्नियर विमानों की खरीद के लिए हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ एक अनुबंध किया है। एसोसिएटेड इंजीनियरिंग सपोर्ट पैकेज के साथ भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) के लिए डोर्नियर विमानों की यह खरीद की जा रही है। नई दिल्ली में किए गए इस अनुबंध के मुताबिक इन 2 विमानों की खरीद पर 458.87 करोड़ रूपए की कुल लागत आएगी।

रक्षा मंत्रालय का कहना है कि यह विमान कई उन्नत उपकरण जैसे ग्लास कॉकपिट, समुद्री गश्ती रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिक इंफ्रा-रेड डिवाइस, मिशन प्रबंधन प्रणाली आदि से सुसज्जित होंगे। इसके जुड़ने से आईसीजी की जिम्मेदारियों के तहत आने वाले समुद्री क्षेत्रों की हवाई निगरानी क्षमता को और बढ़ावा मिलेगा।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि डोर्नियर विमानों का कानपुर के एचएएल (परिवहन विमान प्रभाग) में स्वदेशी रूप से विनिर्माण किया जाता है और इससे सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के अनुरूप रक्षा में आत्मनिर्भरता अर्जित करने में उल्लेखनीय योगदान प्राप्त होगा।

गौरतलब है कि इससे पहले इसी साल 10 मार्च को भारतीय वायु सेना के लिए छह डोर्नियर-228 विमानों की खरीद का निर्णय भी लिया जा चुका है। भारतीय वायु सेना के लिए खरीदे जा रहे इन विमानों की लागत लगभग 667 करोड़ रुपए है। रक्षा मंत्रालय ने 10 मार्च को 667 करोड़ रुपये की लागत वाले इस रक्षा सौदे को लेकर एक महत्वपूर्ण समझौता किया था। रक्षा मंत्रालय के अनुसार डोर्नियर-228 विमानों की खरीद भी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से की जाएगी।

रक्षा मंत्रालय का कहना है कि वायु सेना के लिए खरीदे जा रहे विमानों का उपयोग भारतीय वायु सेना द्वारा रूट ट्रांसपोर्ट और संचार संबंधित सैन्य कार्य के लिए किया जाता रहा है। इसके साथ ही इन विमानों का उपयोग भारतीय वायुसेना के परिवहन पायलटों के प्रशिक्षण के लिए भी किया गया है।

छह विमानों की वर्तमान खेप एक उन्नत ईंधन-कुशल इंजन के साथ पांच ब्लेड वाले समग्र प्रोपेलर के साथ खरीदी जाएगी। यह विमान उत्तर पूर्व के अर्ध-तैयार, लघु रनवे और भारत की द्वीप श्रृंखलाओं से छोटी दूरी के संचालन के लिए आदर्श रूप से अनुकूल है।

रक्षा मंत्रालय का कहना है कि इन छह विमानों के शामिल होने से दूर-दराज के इलाकों में भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमता में और इजाफा होगा।

## हिमाचल : मानसून की बारिश से 352 करोड़ रुपये का हुआ नुकसान

**शिमला(एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में पिछले 14 दिनों में मानसूनी बारिश से कुल 352 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। महत्वपूर्ण कालका शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या -5 और धर्मपुर-कसौली सडक़ के अलावा लगभग दो दर्जन सडक़ें भूस्खलन और भारी बारिश के बाद फुटपाथों के धंसने से प्रभावित हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार भारी बारिश के कारण भारी पत्थरों के ढहने, भूस्खलन, सडक़ों के बह जाने और फुटवॉल के धंसने से लोक निर्माण विभाग और एनएचएआई को भारी नुकसान हुआ है। राज्य में हजारों संपर्क सडक़ें बह गई हैं या मिट्टी का भारी कटाव हुआ है।

मानसून का केंद्र सोलन, सिरमौर और शिमला जिले की मध्य पहाडिय़ां थीं। आज सुबह परमानो के पास फोरलेन पर भारी चट्टानें गिरने से कुछ चलते वाहन बाल-बाल बचे। भारी बारिश के कारण धरमौर कसौल सडक़ भी बाधित हो गई है क्योंकि कनेक्टिंग रोड धंस गई है। पिछले 24 घंटों में टूरिस्ट रिजॉर्ट कसौली में 80 मिमी, धर्मपुर में 68 मिमी और अर्की में 60 मिमी बारिश हुई। मंडी के पंडोह में 45 मिमी और हमीपुर में 33 मिमी बारिश हुई।राज्य लोक निर्माण विभाग को 200 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ। जल शक्ति विभाग (आईपीएच) को 127 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। लगभग 43 लोगों की मौत हो गई और लगभग 80 लोग घायल हो गए।

## 16,000 फीट की ऊंचाई पर गूंजी टैंकों की दहाड़, आर्मी ने पूर्वी लद्दाख की घाटी पर किया युद्धाभ्यास

**लेह(एजेंसी)।** भारतीय सेना ने सिंधु नदी को पार करने और दुश्मन के ठिकानों पर हमले करने के लिए पूर्वी लद्दाख में अभ्यास किया। सेना के टी-90 और टी-72 टैंकों ने अपना दम दिखाया। सेना के अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के अभ्यास आकस्मिक परिस्थितियों की तैयारी के लिए किए जाते हैं। भारतीय सेना दुनिया की उन चुनिंदा सेनाओं में से एक है जो 16,000 फीट तक की ऊंचाई पर और बड़ी संख्या में टैंकों का संचालन करती है।

## जेवर एयरपोर्ट : 14 गांव की जमीन का होने जा रहा अधिग्रहण, 15,000 करोड़ रुपए होंगे खर्च

**ग्रेटर नोएडा(एजेंसी)।** जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण का काम काफी तेजी से चल रहा है। लगभग आधा काम पूरा कर लिया गया है। उम्मीद की जा रही है कि 2024 में पहले रनवे से विमान उड़ान भरेगा। इसके साथ दूसरे, तीसरे और चौथे चरण की भी तैयारी शुरू हो गई है। अब तीसरे-चौथे चरण के लिए जमीनों का अधिग्रहण शुरू हो गया है।

जेवर के 14 गांव में करीब 2053 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। इसमें 3 रनवे बनेंगे। इस प्रक्रिया में गांव वालों को मुआवजा देने और जमीन अधिग्रहण के लिए करीब 15 हजार करोड़ का खर्च आएगा।

यमुना प्राधिकरण से मिली जानकारी के मुताबिक, जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए जमीन अधिग्रहण का काम 4 चरणों में किया जाना था। जिनमें से पहले चरण में 1334 हेक्टेयर और दूसरे चरण में 1365 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण हुआ। अब, तीसरे और चौथे चरण के लिए एक साथ 2053 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

खास बात है कि सोशल इंपैक्ट असेसमेंट (एएसआई) के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके जरिए यह पता लगाया जाएगा कि इससे कितने किसान प्रभावित होंगे, उनसे कितनी भूमि अर्जित की जाएगी, उनके पुनर्वास और मुआवजे का क्या आकलन होगा। इसके लिए गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय का चयन किया गया है। इससे पहले दो चरणों के लिए एएसआई जीबीयू ने किया था।इस काम को 30 अगस्त तक पूरा करना होगा। जानकारी के मुताबिक 14 गांव की 2053 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण होना है।

# 'न टायर्ड हूं, न रिटायर्ड हूं, मैं फायर हूं': शरद पंवार

**मुंबई, एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार ने अपने भतीजे अजित पवार के इस सुझाव का मजाक उड़ाया है कि उन्हें सक्रिय राजनीति से संन्यास ले लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह काम करना जारी रखेंगे क्योंकि पार्टी कार्यकर्ता चाहते हैं कि वह काम करते रहें।

अजित की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर पवार ने कहा, क्या आप जानते हैं कि मोरारजी देसाई किस उम्र में प्रधानमंत्री बने थे? मैं प्रधानमंत्री या मंत्री नहीं बनना चाहता, बल्कि लोगों की सेवा करना चाहता हूं। अजित पवार ने अपनी




टिप्पणी में कहा था कि 83 साल की उम्र में उनके चाचा के रिटायर होने का समय आ गया है।यह दावा करते हुए कि वह अभी बूढ़े नहीं हुए हैं, शरद पवार ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के शब्दों को दोहराते हुए कहा, "ना थके हुए हैं, न सेवानिवृत्त हुए हैं।" एक निजी समाचार चैनल को दिए साक्षात्कार में पवार ने कहा, "वे मुझे रिटायर होने के लिए कहने वाले कौन होते हैं? मैं अभी भी काम कर सकता हूं। न टायर्ड हूं, न रिटायर्ड हूं, मैं फायर हूं।"अजित पवार की उस टिप्पणी के बाद, जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्हें दरकिनार कर दिया गया क्योंकि वह किसी के (शरद पवार के) बेटे नहीं थे, परिवार में उत्तराधिकार की लड़ाई पर इस सवाल के जवाब में अनुभवी राजनेता ने कहा, मैं इस विषय पर ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहता। मैं परिवार के बाहर पारिवारिक मुद्दों पर चर्चा करना पसंद नहीं करता। पवार ने कहा कि अजित को मंत्री बनाया गया और उपमुख्यमंत्री भी बनाया गया, लेकिन उनकी बेटी सुप्रिया सुले को कोई मंत्री पद नहीं दिया गया, जबकि यह संभव हो सकता था। उन्होंने कहा कि जब भी एनसीपी को केंद्र में मंत्री पद मिला, वह दूसरों को दिया गया, लेकिन सांसद होने के बावजूद सुप्रिया को नहीं मिला।अजित और आठ अन्य एनसीपी विधायकों के महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में शामिल होने के एक सप्ताह बाद शरद पवार शनिवार को नासिक जिले के येओला में एक रैली करके अपने राज्यव्यापी दौरे की शुरुआत कर रहे हैं।

## शिंदे को इस्तीफा देने को कहा गया, उनके गुट के 20विधायक हमारे संपर्क में: आदित्य ठाकरे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र मंत्रिमंडल विस्तार से कुछ दिन पहले उद्धव ठाकरे के बेटे और पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के संबंध में बड़ी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि सीएम को शिंदे को इस्तीफा देने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि इससे संकेत मिलता है कि अजित पवार और राकांपा के आठ अन्य विधायकों के उनके एक साल पुराने राज्य मंत्रिमंडल में शामिल होने से सीएम की कुर्सी खतरे में पड़ सकती है। अजित पवार वर्तमान में शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में भाजपा के देवेंद्र फडणवीस के साथ उपमुख्यमंत्री का पद साझा करते हैं। आदित्य ठाकरे ने मीडिया से कहा, "मैंने सुना है कि मुख्यमंत्री (एकनाथ शिंदे) को इस्तीफा देने के लिए कहा गया है और (सरकार में) कुछ बदलाव हो सकता है।

# केवल 10 वर्ष की उम्र में ऋषिका ने जीते 19 पदक



नई दिल्ली,प्रतिभाएं उम्र की मोहताज नहीं होती.. खासकर खेल के मामले में तो यह पंक्ति अक्सर सही साबित होती है। भारत युवाओं का देश है और यहां यूथ टैलेंट की कोई कमी नहीं है। जरूरत है तो बस उसे सही दिशा देने की। उम्र से परे हुनर के उत्कृष्ट प्रदर्शन का एक उदाहरण उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर में भी प्रत्यक्ष उदीयमान है। हम यहां बात कर रहे हैं ऋषिका रयान कीज् जिसके पास दस साल की छोटी उम्र में ही कराटे के खेल में प्रदेश स्तर से लेकर राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर तक के कुल 19 पदक हैं। तीन वर्ष की उम्र से कराटे के खेल में खुद को पारंगत करने की जिजीविषा के साथ मानसिक और शारीरिक तौर पर खुद को तैयार करने वाली ऋषिका का कहना है कि वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए लिए एक जबरदस्त सम्मान है।

ऋषिका ने कहा, कुमिते और काता दोनों में स्वर्ण पदक जीतना एक सपने के सच होने जैसा है, और मैं इस उपलब्धि का श्रेय अपनी मां अलका के. और पिता डॉ अभिषेक के. के अटूट समर्थन, मेरे कोच अरविंद यादव के मार्गदर्शन और अपने साथी देशवासियों को देती हूं। यह जीत भारत के भीतर मौजूद प्रतिभा और क्षमता का प्रमाण है। ऋषिका ने आगे कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी आभारी हूं कि उन्होंने वाराणसी को एक जीवंत और सुरक्षित शहर में बदलने के प्रयासों के बीच प्रदेश की बेटियों के सशक्तिकरण और सुरक्षा को बढ़ावा दिया है। ऋषिका की असाधारण उपलब्धि, उनकी जीत न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता का प्रतीक है, बल्कि पूरे देश में महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए प्रेरणा की किरण के रूप में भी कार्य करती है। उनका असाधारण प्रदर्शन प्रतिभा को बढ़ावा देने और वैश्विक मंच पर कराटे के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

2023 कराटे चैम्पियनशिप में ऋषिका की ऐतिहासिक जीत ने खेल इतिहास के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा दिया है। कुमिते और काता दोनों में उनकी असाधारण उपलब्धियां उनके अटूट समर्पण, कोच अरविंद यादव के मार्गदर्शन और कठोर प्रशिक्षण के वर्षों और उत्कृष्टता की अथक खोज को दर्शाती है और उनके भविष्य के प्रयासों का बेसब्री से इंतजार कर रहा है क्योंकि वह कराटे के खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं।

## एशेज 2023 : इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की

लंदन ,। इंग्लैंड ने 6 जुलाई से हेडिंग्ले में शुरू होने वाले तीसरे एशेज टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि रेहान अहमद और मैटी पॉट्स टीम से बाहर हो गए हैं।तीसरे एशेज टेस्ट से पहले प्रमुख खिलाड़ियों की फिटनेस पर नजर रखी जाएगी। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ओली पोप अपने कंधे का स्कैन कराएंगे और अनुभवी स्पिनर मोइन अली अभी भी अपनी उंगली की समस्या से जूझ रहे हैं। अहमद को मोईन की जगह लॉर्ड्स टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में शामिल किया गया था, लेकिन उसे हेडिंग्ले टेस्ट के लिए टीम से बाहर कर दिया गया। इसका मतलब है कि मोईन की फिटनेस संतोषजनक हो सकती है।

लॉर्ड्स में दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड की ऑस्ट्रेलिया से 43 रनों की हार के दौरान पोप के दाहिने कंधे में चोट लग गई थी और चयनकर्ता उम्मीद कर रहे हैं कि 25 वर्षीय पोप तीसरे टेस्ट के लिए फिट हो जाएंगे। अगर पोप को बाहर कर दिया जाता है तो संभावना है कि डैन लॉरेंस को इंग्लैंड की टीम में जगह मिल सकती है।

# भारत—पाकिस्तान वर्ल्ड कप से पहले गांगुली ने इस खिलाड़ी को लेकर बीसीसीआई को दी ये खास सलाह




नई दिल्ली ,। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने वनडे विश्व कप के लिए बीसीसीआई और टीम मैनेजमेंट से अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल पर नजर रखने की सलाह दी है। चहल पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में हुए टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया का हिस्सा थे, लेकिन उन्होंने एक भी मैच खेलने को नहीं मिला था। भारतीय टीम सेमीफाइनल में इंग्लैंड से हारकर बाहर हो गई थी। गांगुली को लगता है कि भारत के पास कुलदीप यादव और रवि बिश्नोई जैसे कुछ और अच्छे रिस्ट (कलाई) स्पिनर्स हैं, लेकिन चहल वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं।

गांगुली ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा— बिश्नोई और कुलदीप अच्छे स्पिनर्स हैं, लेकिन चहल किसी बड़े टूर्नामेंट में खेलने से चूक जाते हैं। वह क्रिकेट के छोटे प्रारूपों में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते रहे हैं, चाहे वह 20 ओवर का हो या 50 ओवर का। उन पर नजर रखना महत्वपूर्ण है। गांगुली ने यह भी कहा कि साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के लिए रिस्ट स्पिनर्स को खेलना मुश्किल लगता है। खासतौर जब मैच भारतीय कंडीशन में हो तो उनके लिए और मुश्किल खड़ी हो जाती है। इसी के साथ गांगुली ने कहा— जब आप ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलने उतरेंगे, तो एक रिस्ट स्पिनर इन परिस्थितियों में अंतर पैदा कर सकता है। 2011 वनडे विश्व कप में पीयूष चावला थे। उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की थी। पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष ने इस बात पर भी जोर दिया कि जब—जब स्पिनर्स ने वर्ल्ड कप में विकेट निकाल कर दिए हैं, तब—तब भारत ने टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है।

उन्होंने कहा, जब हम 2007 में टी20 विश्व कप खेलने दक्षिण अफ्रीका गए थे, तो वहां भी हमारे कलाई के स्पिनरों ने तेज गेंदबाजों के साथ मिलकर अच्छी गेंदबाजी की थी। हरभजन सिंह उस टीम में थे। मुझे लगता है कि भारतीय परिस्थितियों में एक रिस्ट स्पिनर को रखना बेहद महत्वपूर्ण होगा। भारत अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत आठ अक्तूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा। वहीं, भारत—पाकिस्तान के बीच महामुकाबला 15 अक्तूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

# तमीम इक़बाल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिक्रेट को कहा अलविदा, पत्रकारों के सामने निकल आए आंसू

चटगांव ,। बंगलादेश के कप्तान तमीम इक़बाल ने एकदिवसीय विश्व कप 2023 से सिर्फ तीन महीने पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिक्रेट से संन्यास लेने की घोषणा की। संन्यास की घोषणा करते हुए भावुक हुए तमीम ने यहां संवाददाताओं से कहा, यह मेरे करियर का अंत है। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है। मैं इसी क्षण अंतरराष्ट्रीय क्रिक्रेट से संन्यास ले रहा हूं। कल अफगानिस्तान के खिलाफ मेरा आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच था। यह अचानक लिया गया फैसला नहीं है, मैं कई कारणों के बारे में सोच रहा था। मैं यहां जिक्र नहीं करना चाहता। मैंने इस बारे में अपने परिवार वालों से बात की है। मैंने सोचा कि यह मेरे लिये अंतरराष्ट्रीय क्रिक्रेट से संन्यास लेने का सही समय है। गौरतलब है कि बंगलादेश इस समय अफगानिस्तान के साथ एकदिवसीय शृंखला खेल रही है। अफगानिस्तान ने पहले वर्षाबाधित वनडे में बंगलादेश को 17 रन (डकवर्थ लुइस पद्धति) से मात दी। बंगलादेश ने नये एकदिवसीय कप्तान की घोषणा नहीं की है। शाकिब अल—



हसन बंगलादेश के टी20 कप्तान हैं, जबकि लिटन दास टेस्ट क्रिक्रेट में टीम की कमान संभालते हैं। तमीम संवाददाताओं से बात करते हुए कई बार भावुक हुए और उन्होंने अपने पिता, अपने चाचा, अपने पहले कोच, अपनी टीम के साथियों और बंगलादेश क्रिक्रेट बोर्ड को धन्यवाद कहा। तमीम ने सिसकते हुए कहा, मेरे पास कहने के लिये बहुत कुछ नहीं है। एक बात मैं निश्चित रूप से कहूंगा, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। हो सकता है कि मेरी कोशिश काफी नहीं थी। मैं यह नहीं जानता। लेकिन मैं जब भी मैदान पर उतरा तो अपना 100त्न प्रयास किया। उन्होंने कहा, और भी बहुत सी चीजें हैं जो मैं कहना चाहता हूं, लेकिन जैसा कि आप देख सकते हैं मैं बोलने की हालत में नहीं हूं। मुझे उम्मीद है कि आप स्थिति का सम्मान करेंगे।ऐसा क्यों हुआ और क्या हो सकता था, इस बात को यहीं ख़त्म करते हैं। मैंने हमेशा कहा है कि टीम किसी भी व्यक्ति से बड़ी होती है। शृंखला में अभी दो और मैच खेले जाने हैं। मुझे लगता है हमें जीतना चाहिए। दो प्रमुख ट्रॉफियां भी हैं। तमीम ने फरवरी 2007 में वनडे डेब्यू के साथ एक किशोर के रूप में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की। उन्होंने उस साल वेस्टइंडीज में आयोजित विश्व कप में भारत के खिलाफ बंगलादेश की यादगार जीत में मैच जिताऊ अर्धशतक भी जड़ा।

## 13वें पैन अरब गेम्स अल्जीरिया में

अल्जीयर्स ,। पैन अरब गेम्स का 13वां संस्करण शुरू होगा और 15 जुलाई तक चलेगा, जिसमें अरब लीग के सभी 22 सदस्य देश 20 अलग—अलग खेल विधाओं में भाग लेंगे। खेलों की मेजबानी अल्जीरिया के पांच शहरों अल्जीयर्स, ओरान, कॉन्स्टेंटाइन, अन्नाबा और टिपाज़ा में की जाएगी। राजधानी अल्जीयर्स एक केंद्रीय भूमिका निभाएगा क्योंकि यह 5 जुलाई को स्टेडियम में भव्य उद्घाटन और समापन समारोह की मेजबानी करेगा।

पैन अरब गेम्स अरब एथलीटों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने और क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता के उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक मंच के रूप में काम करते हैं। एथलीट एथलेटिक्स, फुटबॉल, बास्केटबॉल, तैराकी और टेनिस जैसी स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

# 2 एशियन गेम्स—2022 के लिए मप्र खेल अकादमी के 25 खिलाड़ी चयनित

## —चीन के हांग्जो में 23 सितम्बर से शुरू होंगे 19वें एशियन गेम्स

भोपाल,। चीन के हांग्जो में 19वीं एशियन गेम्स–2022 का आयोजन 23 सितम्बर से 8 अक्टूबर तक होने हैं। इस एशियन गेम्स में मध्यप्रदेश खेल अकादमी के अबतक 23 खिलाड़ियों ने अलग—अलग खेलों में अपना स्थान पक्का कर लिया है। यह खिलाड़ी वाटर स्पोर्ट्स, शूटिंग, घुड़सवारी, एथलेटिक्स में अपना दमखम दिखाएंगे।मध्यप्रदेश खेल अकादमी के जनसंपर्क अधिकारी बिंदु सुनील ने बताया कि खेल व खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रबंधन, वर्ल्ड क्लास अधो–संरचना और प्रोत्साहन से आज मध्यप्रदेश की पहचान स्पोर्ट्स हब के रूप में बन गई है। उन्होंने बताया कि चीन के हांग्जो में होने वाले 19वीं एशियन गेम्स में मध्यप्रदेश खेल अकादमी के लगभग 23 खिलाड़ियों ने अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है।मध्यप्रदेश राज्य वाटर स्पोर्ट्स अकादमी के शुभम केवट, विश्वजीत सिंह कुशवाह, कु. शिखा चौहान, कु. आहना यादव, केनो स्लालम में भारतीय टीम के लिए चयनित हुए हैं। कु. नेहा ठाकुर, कु. शीतल वर्मा, कु. हर्षिता तोमर–सेलिंग, अर्जुन सिंह, नीरज वर्मा, नितिन वर्मा, कु. शिवानी वर्मा, कु. कावेरी, कु. ओ. बिनीता देवी क्याकिंग–केनोइंग में एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। रोइंग में मप्र वाटर स्पोर्ट्स अकादमी की कु. रुक्मणी दांगी और अकादमी की पूर्व खिलाड़ी कु. अंशिका भारती का चयन किया गया है। वाटर स्पोर्ट्स अकादमी की ही पैरा केनो के खिलाड़ी कु. प्राची यादव और मनीष कौरव भारतीय क्याकिंग केनोइंग टीम का हिस्सा होंगे।इसी तरह मप्र राज्य घुड़सवारी अकादमी के स्टार घुड़सवार राजू सिंह एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। मध्यप्रदेश मार्शल आर्ट अकादमी के शंकर पाण्डे फेंसिंग के ईपी एकल और टीम इवेंट में भारतीय टीम में शामिल होंगे। मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और कु. आशी चौकसे रायफल शूटिंग में और अकादमी की ही कु. मनीषा कीर शॉटगन ट्रेप इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। साथ ही कु. प्रीति रजक, जो अकादमी की पूर्व खिलाड़ी रही हैं, शॉटगन के ट्रैप ईवेंट में भारतीय टीम में शामिल की गई हैं। इसी तरह मध्यप्रदेश एथलेटिक्स अकादमी की एसोसिएट मेंबर रही कु. दीक्षा 1500 मीटर में तथा कु. सपना बर्मन हेप्थलॉन ईवेंट में 19वीं एशियन गेम्स भारतीय ऐथलेटिक्स टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी।

# फिल्मी सफर

# फिल्म सालार का टीजर रिलीज, प्रभास के धांसू अवतार ने उड़ाए होश

केजीएफ फेम डायरेक्टर प्रशांत नील की अपकमिंग फिल्म सालार का टीजर जारी कर दिया गया है. प्रभास स्टारर मोस्ट अवेटेड फिल्म की टीजर जारी होते ही ये छा गया है. फैंस को ट्रीट देते हुए एक्शन—थ्रिलर फिल्म का टीजर 6 जुलाई, गुरुवार को सुबह 5 बजकर 12 मिनट पर जारी किया गया है. ह्यसालारह्ण का टीजर काफी धांसू लग रहा है. रिलीज होने के कुछ ही घंटे में ये वायरल हो गया है. टीजर के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है.

टीजर शुरू होते ही स्क्रीन पर एक टीनू आनंद गाड़ी पर बैठा हुआ नजर आते है. बंदूकों से लैस कई लोग उन्हें टारगेट बनाते हुए नजर आते हैं. इसके बाद गाड़ी पर बैठे हुए टीनू आनंद कहते है नो कंफ्यूजन आई एम चीता, टाइगर, एलिफेंट...वेरी डेंजरस, बट नॉट इन जुरासिक पार्क, क्योंकि उस पार्क में... ये कहकर वे चुप हो जाते हैं. इसके बाद प्रभास की दमदार एंट्री होती है जो हाथ में चाकू और राइफल लिए दुश्मनों पर कहकर बनकर टूटते हैं. प्रभास का ये खूंखार रूप



देखकर रौंगटे खड़े हो जाते हैं. टीजर में पृथ्वीराज सुकुमारन की झलक से ऐसा लग रहा है कि वे फिल्म में विलेन की भूमिका निभा रहे हैं. सालार के टीजर ने केजीएफ की याद ताजा कर दी हैं.

ओवरऑल टीजर में मिले एक्शन की झलक ने लोगों के होश उड़ा दिए हैं. रिलीज होने के आधे घंटे के भीतर इसे ढाई लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके थे. वहीं टीजर से ये अंदाजा तो हो गया है कि सालार फुल ऑन जबरदस्त एक्शन वाली फिल्म होगी. वहीं फिल्म में तेलुगु सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक, प्रभास के अलावा श्रुति हासन, पृथ्वीराज सुकुमारन, जगपति बाबू, ईश्वरी राव और श्रिया रेड्डी भी अहम रोल प्ले कर रहे हैं.

प्रशांत नील के डायरेक्शन में बनी फिल्म ह्यसालार पार्ट 1: सीजफायरह्ण की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है. ये फिल्म 28 सितंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. इसे तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, तमिल और हिंदी सहित 5 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा. गौरतलब है कि प्रभास की लास्ट रिलीज फिल्म आदिपुरुष बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा सकी थी ऐसे में ह्यसालारह्ण से हर किसी को बड़ी उम्मीदे हैं.

## फ्लोरल आउटफिट में रश्मि देसाई ने गिराई हुस्न की बिजलियां

एक्ट्रेस रश्मि देसाई आज किसी पहचान को मोहताज नहीं हैं। उनकी स्टाइलिश तस्वीरें सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती हैं। वहीं, उनकी लेटेस्ट फ्लोरल आउटफिट में तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं।

फ्लोरल आउटफिट में एक्ट्रेस रश्मि देसाई अपनी वन ऑफ शोल्डर और टोंड लेग्स फ्लॉन्ट कर रही हैं। ओपन हेयर स्टाइल और सोख अदाओं के साथ एक्ट्रेस रश्मि देसाई गजब की बला लग रही हैं। मदमस्त अंदाज और कातिलाना फिगर देखकर फैंस आहें भरने को मजबूर हैं।

रश्मि देसाई के चाहनेवालों को उनका अंदाज पसंद आता है। एथनिक से लेकर वेस्टर्न तक रश्मि हर आउटफिट में गजब ढाहती हैं। एक्ट्रेस रश्मि देसाई इस बोल्ड आउटफिट में बेहद ही कातिलाना नजर आ रही हैं।

# इंदिरा गाँधी से पहले चन्द्रमुखी के रूप में दर्शकों के सामने आएंगी कंगना रनौत

इस वर्ष की बाकी बची छमाही में कंगना रनौट वापसी की तैयारियों में हैं। वे अपनी फिल्म इमरजेंसी में इंदिरा गांधी के साथ—साथ इस बार दर्शकों को चंद्रमुखी के रूप में भी दिखाई देंगी। कंगना रनोट चंद्रमुखी 2 की रिलीज डेट का एलान कर सबको चौंका दिया। कंगना ने इंस्टाग्राम पर रिलीज की घोषणा के साथ राघव लॉरेंस का फर्स्ट—लुक पोस्टर शेयर किया। पोस्टर में, राघव लॉरेंस को एक इंटेंस लुक में देखा गया। वो एक बड़े से दरवाजे के की होल से झांकते हुए नजर आए। चन्द्रमुखी—2 के पोस्टर को साझा करते हुए कंगना ने पुष्टि की कि चंद्रमुखी इस गणेश चतुर्थी पर रिलीज हो रही है। उन्होंने लिखा, इस सितंबर वह वापस आ रही है... क्या आप तैयार हैं चंद्रमुखी 2 लाइका प्रोडक्शंस फिल्म गणेश चतुर्थी पर रिलीज होने वाली है, जो 19 सितंबर को मनाई जाएगी। पी वासु निर्देशित, चंद्रमुखी 2 ब्लॉकबस्टर हिट तमिल हॉरर कॉमेडी फिल्म चंद्रमुखी की अगली कड़ी है, जिसमें रजनीकांत और ज्योतिका ने मुख्य भूमिका निभाई थी। पोस्टर रिलीज होते ही प्रशंसकों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। एक इंटरनेट यूजर ने लिखा, च्नि फॉर ए रीजन। एक



दूसरे इंटरनेट यूजर ने लिखा, हे भगवान, मैं आपको देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता..ब्लॉकबस्टर लोड हो रहा है। एक फैन ने लिखा, बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। एक इंटरनेट यूजर ने लिखा, हे भगवान, मैं प्तचंद्रमुखी2 के लिए बहुत उत्साहित हूं। एक अन्य इंटरनेट यूजर ने लिखा, देखने का इंतजार है। चंद्रमुखी 2 में कंगना, राजा के दरबार में एक नर्तकी की भूमिका निभाएंगी, जो अपनी सुंदरता और नृत्य कौशल के लिए जानी जाती थी। फिल्म में कंगना के साथ तमिल अभिनेता राघव लॉरेंस मुख्य भूमिका निभाएंगे।

# जल्द ही जुग जुग जियो का दूसरा पार्ट ला रहे है करण जौहर



वर्ष 2022 में धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म जुग जुग जियो एक बड़ी हिट साबित हो चुकी है। मूवी स्टार वरुण धवन, कियारा आडवाणी, अनिल कपूर और नीतू कपूर जैसे सितारों से सजी निर्माता–निर्देशक करण जौहर के बैनर तले बनी इस मूवी को दर्शकों ने खूब पसंद भी किया जा चुका है।

निर्देशक राज मेहता के निर्देशन में बनी इस मूवी ने कोवीड के समय के बीच रिलीज हुईं फिल्मों के बीच हिट का स्टेटस अपने नाम कर लिया है। अब इस मूवी को लेकर हाल ही में फिल्म के निर्माता करण जौहर ने एक बड़ा अपडेट फैंस को भी दे दिया है। फिल्ममेकर करण जौहर ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर कर अपनी इस मूवी के दूसरे पार्ट के बारे में सूचना दी है।

जल्दी रिलीज होगा जुग जुग जियो 2 का सीच्लः खबरों का कहना है कि वरुण धवन और कियारा आडवाणी स्टारर इस फिल्म की रिलीज को आज एक वर्ष पूरा हुआ है।

# द केरल स्टोरी की टीम फिर साथ आई, नई फिल्म बस्तर का ऐलान

निर्देशक सुदीप्तो सेन मौजूदा वक्त में अपनी फिल्म द केरल स्टोरी की सफलता का आनंद उठा रहे हैं। तमाम विवादों से घिरी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 250 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। यह फिल्म 5 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस बीच अब सुदीप्तो ने अपनी आने वाली नई फिल्म बस्तर का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म के लिए द केरल स्टोरी की टीम एक बार फिर से साथ आई है। बस्तर का निर्माण विपुल अमृतलाल शाह द्वारा किया जा रहा है। निर्माताओं ने सोमवार को फिल्म बस्तर की रिलीज तारीख का भी ऐलान कर दिया है। यह फिल्म अगले साल 5 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा बस्तर का पहला आधिकारिक पोस्टर भी सामने आ चुका है, जिसे सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। इस फिल्म की कहानी सच्ची घटना पर आधारित होगी। विपुल अमृतलाल शाह एक पॉपुलर फिल्ममेकर, प्रोड्यूसर और डायरेक्टर हैं, उन्होंने कई हिट और ब्लॉकबस्टर फिल्में बनाई हैं और भारतीय फिल्मों में एक नया ट्विस्ट दिया है.




इस साल उनकी रियल लाइफ स्टोरी पर बेस्ड फिल्म द केरल स्टोरी रिलीज हुई है. इस फिल्म को सुदीप्तो सेन ने डायरेक्ट किया हैं और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी शानदार सफलता के साथ भारत में 256 करोड़ की कमाई की है. अब ये जोड़ी फिर एक रियल लाइफ पर बेस्ड स्टोरी लेकर आ रही है. द केरल स्टोरी की ये मशहूर डायरेक्टर–प्रोड्यूसर जोड़ी अब एक बार फिर से साथ आ रही है जिसका टाइटल बस्तर है. निर्माताओं ने एक अनाउंसमेंट पोस्टर के साथ अपने दूसरे कोलाइब्रेशन की घोषणा की है. जिसमें हम देख सकते हैं कि शांतिपूर्ण माहौल के बीच, फिल्म का टाइटल लाल रंग से रंगा हुआ दिखाई दे रहा है. फिल्म का ये अनाउंसमेंट पोस्टर आशाजनक लग रहा है. साथ ही इसने लोगों के अंदर एक उत्सुकता भी पैदा कर दी है. अब इस फिल्म के बारे में दर्शक और भी अधिक जानना चाहते हैं. हालांकि फिल्म के बारे में ज्यादा कुछ जानकारी सामने नहीं आई है, कहा जा रहा है कि विपुल अमृतलाल शाह की आगामी फिल्म एक और चौंकाने वाली और आंखें खोलने वाली फिल्म होगी, जो एक और सच्ची घटना से प्रेरित होगी. फिल्म का टाइटल अनाउंसमेंट पोस्टर भी इस बात की गवाही देता है जिसपर लिखा है, एक और सच्चाई जो देश को चौंका देगी. जैसा कि हम टाइटल अनाउंसमेंट पोस्टर में पढ़ सकते हैं जिसमें लिखा है, छिपा हुआ सच जो देश में तूफान लेकर आएगा.

जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

नागेन्द्र उनियाल

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382—222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com